


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल






वर्ष 03, अंक 262 | ग्वालियर, शनिवार 26 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## एक नजर

### दिग्गज सिंगर एसपी बालासुब्रमण्यम का निधन, 74 की उम्र में ली अंतिम सांस




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर एसपी बालासुब्रमण्यम का शुक्रवार को 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें चेन्नई के एक अस्पताल में 5 अगस्त को भर्ती कराया गया था, जहां पर उनका 2 महीने से इलाज चल रहा था। डॉक्टर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक दिन पहले ही हॉस्पिटल की ओर से बताया गया था कि उनकी हालत काफी नाजुक है। बता दें कि हॉस्पिटल की तरफ से गुरुवार को बताया गया कि एसपी बालासुब्रमण्यम की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उन्हें डॉक्टर्स के देखरेख में और दूसरे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। एसपी बालासुब्रमण्यम अपने पीछे पत्नी सावित्री और दो बच्चे- बेटी पल्लवी और बेटे एसपी चरण को छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बेटे एसपी चरण करेंगे। मालूम हो कि सिंगर एसपी बालासुब्रमण्यम ने बतौर सिंगर के अलावा एक्टर, म्यूजिक डायरेक्टर, डबिंग आर्टिस्ट और फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में किया है। उन्होंने अपने करियर में कई भाषाओं में लगभग 40 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्मों के लिए कई गानों को अपनी आवाज दी ,जो सुपरहिट साबित हुए। एसपी बालासुब्रमण्यम को कई अवॉर्ड से नवाजा गया था। सबसे ज्यादा गाने गाए जाने के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल हैं। उन्होंने बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर के लिए 6 नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीते। एसपी बालासुब्रमण्यम को 2001 में उन्हें पद्मश्री और 2011 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### अजित पवार ने दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भारतीय जनसंघ के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी लेकिन बाद में दिवंगत नेता पर अपने ट्वीट को हटा दिया। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने ट्वीट किया, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। हालांकि, बाद में उन्होंने यह ट्वीट हटा दिया। पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार के गठन के पहले कुछ समय तक अजित पवार ने भाजपा से हाथ मिला लिया था। ट्वीट हटाने के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, गुजर चुके लोगों के बारे में हम अच्छी बात करते हैं और इसी वजह से मैंने ट्वीट किया था। लेकिन राजनीति में हमें अपने वरिष्ठों को सुनना पड़ता है। हालांकि, राकांपा नेता ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। शिवसेना के अध्यक्ष ठाकरे ने उपनगर में अपने निजी आवास मातोश्री पर उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी।

### क्या स्कूल कॉलेजों के छात्रों को फीस के लिए 11000 रुपये दे रही है मोदी सरकार?



**नई दिल्ली।** कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक खबर काफी शेयर की जा रही है जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार स्कूल व कॉलेजों के स्टूडेंट्स को फीस के लिए 11-11 हजार रुपये दे रही है। वायरल खबर में यह दावा किया गया है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण छात्र स्कूल और कॉलेज की फीस का भुगतान करने में असमर्थ हैं। इसलिए सरकार सभी छात्रों को 11000 की मुफ्त धनराशि प्रदान कर रही है ताकि वे अपनी फीस आसानी से दे सकें। सभी छात्र जो स्कूल और कॉलेजों में हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन सरकार की फैक्ट चैक ऑर्गेनाइजेशन पीआईबी फैक्ट चैक ने इस खबर को पूरी तरह फर्जी करार दिया है। पीआईबी फैक्ट चैक ने ट्वीट कर कहा, यह वेबसाइट फर्जी है। केंद्र सरकार द्वारा ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। सरकार फीस के लिए 11 हजार रुपये नहीं दे रही है।

### बच्ची के सीने पर डॉक्टरों ने दो बार किया प्रेस सांसें लौटी, तीसरी बार नहीं बची

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर के भंवरकुआं क्षेत्र में दुष्कर्म के इरादे से सात साल की बच्ची को खंडहर में ले गए आरोपी ने निर्ममता की सभी हदें लांघ दी। आरोपी ने 10 मिनट तक बच्ची को इधर-उधर घुमाया, फिर बिस्किट और चॉकलेट का लालच देकर सूने खंडहर में ले गया। वहां उसके इरादे ठीक नहीं दिखे तो बच्ची चीखी और कही कि मम्मी को सब बोल दूंगी। उसका इतना कहना था कि आरोपी ने उसे सिर के बल पटका फिर पास में सीमेंट लगी ईंट उसके सिर पर दे मारी। इससे बच्ची की कनपटी में मल्टीपल फ्रैक्चर हो गए। दो-तीन वार और किए व फिर उस पर चारा पटककर भाग गया। गंभीर घायल बच्ची ने गुरुवार तड़के तीन बजे अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीएसपी दिशेष अग्रवाल के अनुसार रात 2 बजे तक उसकी हालत स्थिर थी, लेकिन लगातार खून बह रहा था। उसे 4 यूनिट खून चढ़ाया गया। अचानक उसे झटके आए फिर उसकी सांसें चली गईं। डॉक्टर ने सीने पर प्रेस किया तो दो बार सांस लौटी। ईसीजी भी ठीक हुई, पर तीसरी बार में वह नहीं बची। भंवरकुआं टीआई इंद्रेश त्रिपाठी के अनुसार, बच्ची के लापता होने के बाद जब उसके पिता के ममेरे भाई (चाचा) को गिरफ्तार किया तो वह बोला कि मैंने कुछ नहीं किया है। चाहो तो मेरे कपड़े देख लो। ऐसा इसलिए बोला, क्योंकि वह कपड़े बदल चुका था। उसे सीसीटीवी फुटेज दिखाए तो रोने लगा। फिर बोला कि उससे गलती हो गई और माफी मांगने लगा।

### कानपुर वाले विकास दुबे जैसा दुस्साहस मथुरा में

# दबिश देने गई पुलिस टीम पर फायरिंग, चार सिपाही घायल

**मथुरा।** यूपी के मथुरा जिले में गोविंद नगर इलाके के मनोहरपुरा अहाते मोहल्ले में जुआ की सूचना पर गई पुलिस टीम के साथ कुछ लोगों ने हाथापाई करते हुए पथराव कर दिया। इस दौरान पकड़ा गया आरोपी कर भाग गया। पथराव में चार सिपाही घायल हो गए तो बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि हमलवरों ने पुलिस टीम पर फायर कर खोखे में आग लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे एसपी सिटी ने मौका मुआयना कर पुलिस टीम के साथ दबिश दिलवाई। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि कानपुर के बिकरू में हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर विकास दुबे को पकड़ने गई टीम पर भी बदमाशों ने धावा बोल दिया था। इस हमले में एक डीएसपी सहित आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। शुक्रवार दोपहर करीब सवा तीन बजे चौकी प्रभारी डीगगेट शिव शरण सिंह पुलिस बल व मोबाइल बाइक के साथ मनोहरपुरा क्षेत्र में जुआ होने व एक वांछित की तलाश में दबिश देने पहुंचे। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि मनोहरपुरा क्षेत्र में ताश खेल रहे लोगों में से आरोपी डेला को पुलिस पकड़कर लाने लगी। तभी वहां मौजूद लोगों ने एकत्र होकर पुलिस पर पथराव कर दिया। इससे सिपाही राघवेन्द्र, सुनील, अनिरुद्ध व हरिओम चोटिल हो गए और पुलिस की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि तभी कुछ उपद्रवियों ने वहां रखे खोखे में आग लगाने का प्रयास किया और पुलिस पर फायर भी किया। इससे पुलिस कर्मियों में भगदड़ मच गई। पुलिस पर हमले की सूचना पर एसपी सिटी उदय शंकर सिंह तत्काल कोतवाली, सदर, गोविंदनगर व क्यूआरटी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।



भारी संख्या में पुलिस को आते देख उपद्रवी मौके से भाग गए। एसपी सिटी ने पुलिस बल के साथ मनोहरपुरा क्षेत्र में कई स्थानों पर दबिश डलवाई। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलवाया। प्रभारी निरीक्षक गोविंदनगर ने बताया कि आरोपी डेला के बेटे बंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। **पुलिस की चार टीमें कर रही है आरोपियों की तलाश**–प्रभारी निरीक्षक गोविंदनगर अजय कुमार सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी डीगगेट शिव शरण सिंह ने नामजद डेला, बंटी आदि करीब दो दर्जन नामजद व ढाई दर्जन अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डाल अभद्रता, हाथापाई कर पथराव, फायर करने, बाइक क्षतिग्रस्त कर पास ही रखे खोखे में आग लगाने का प्रयास करने आदि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## शिवराज और ज्योतिरादित्य ने अपनी जोड़ी को शिव-ज्योति एक्सप्रेस नाम दिया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर में पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया एक साथ मंच पर दिखे। दोनों नेताओं ने अपनी इस जोड़ी तो शिव-ज्योति एक्सप्रेस का नाम दिया। करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद दोनों नेताओं ने कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व दिग्विजय सिंह पर जुबानी हमले किए। मुख्यमंत्री चौहान ने अशोकनगर को स्मार्ट सिटी बनाने का ऐलान किया। अगले साल अशोकनगर में कृषि महाविद्यालय खोलने का आश्वासन भी दिया। राजपुर में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा, कमलनाथ जैसे मुख्यमंत्री का आचार डालेंगे क्या, जो अपने विधायकों की नहीं सुन रहे थे। इसलिए महाराज ने सरकार को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व कांग्रेस सरकार से मिले खाली खजाने पर कहा कि कांग्रेस की नीति, नीयत और नेता



ठीक नहीं हैं, इसलिए लक्ष्मीजी उनसे रूठीं थीं। मैं रोने वाला मुख्यमंत्री नहीं हूं, इसलिए खुलेआम बोल रहा हूं। प्रदेश की खराब हालत को सुधारने के लिए कर्जा लूंगा और जब स्थिति सुधर जाएगी तो वापस कर दूंगा। वहीं, राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार जिले में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथजी बोल रहे हैं कि जजपाल सिंह गद्दार है, ज्योतिरादित्य गद्दार है। मैं कहता हूं कि जो नेता और जो सरकार मेरी जनता के साथ वादा खिलाफी और गद्दारी करेगी, उसके खिलाफ सिंधिया परिवार काम करेगा। सिंधिया ने कहा कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी की तो प्रदेश की जनता के मान-सम्मान और विकास के लिए ज्योतिरादित्य ढाल बन गया। मंच से दोनों की नेताओं ने अपनी इस नई जोड़ी को शिव-ज्योति एक्सप्रेस का नाम दिया। सिंधिया ने कहा कि जिस तरह 1980 में मोतीलाल वोरा जी और उनके पिताजी की जोड़ी को मोती-माधव एक्सप्रेस नाम दिया था, इसी तरह प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए शिव-ज्योति एक्सप्रेस चलेगी।

### ड्रग्स केस में पहली बार एनसीबी करेगी दीपिका पादुकोण से पूछताछ

**नई दिल्ली।** एक्टर सुशांत सिंह राजपूत मौत केस से जुड़े ड्रग्स मामले में बॉलीवुड की अब तक की सबसे बड़ी एक्ट्रेसेज दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर, सारा अली खान, रकुलप्रीत सिंह का नाम सामने आया है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शुक्रवार को रकुल से पूछताछ की और अब शनिवार को दीपिका पादुकोण से पूछताछ होगी। दीपिका पहले शुक्रवार को ही जांच में शामिल होने वाली थीं मगर गुरुवार की देर रात वह गोवा से मुंबई पहुंचीं, इसलिए अब वह शनिवार को पूछताछ के लिए एनसीबी दफ्तर आएंगी। वहीं इससे पहले खबर आई की दीपिका पादुकोण और उनकी मैनेजर करिश्मा के बीच ड्रग्स को लेकर जिस व्हाट्सऐप ग्रुप में बातचीत हुई थी, दीपिका उसकी एडमिन हैं। टाइम्स नाऊ की रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका पादुकोण के साथ जया साहा भी इस व्हाट्सऐप ग्रुप की एडमिन हैं, जबकि करिश्मा प्रकाश ग्रुप मेंबर थीं।



### कृषि बिलों के खिलाफ आज भारत बंद का ऐलान, पूरे देश में सड़कों पर उतरेंगे किसान

**नई दिल्ली।** संसद में पास हुए कृषि से जुड़े तीन विधेयकों का विरोध अब सड़कों पर जोर पकड़ने लगा है। कृषि बिलों के खिलाफ किसान संगठनों ने आज यानी शुक्रवार (25 सितंबर) को भारत बंद बुलाया है। किसानों के इस भारत बंद में पंजाब, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र समेत देश के अन्य राज्यों के किसान शामिल होने जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन समेत विभिन्न किसान यूनियनों ने ऐलान किया है कि इस बिल के खिलाफ वे आज चक्का जाम करेंगे। माना जा रहा है कि इस प्रदर्शन को कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों का भी समर्थन हासिल है। बताया जा रहा है कि भारत बंद के लिए 31 किसान संगठनों ने हाथ मिलाया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) समेत कई संगठनों ने कहा है कि उन्होंने विधेयकों के खिलाफ कुछ किसान संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता और यूपी के किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि चक्का जाम मेंपंजाब, हरियाणा, यूपी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत पूरे देश के किसान संगठन एकजुट होंगे।

### विराट कोहली के प्रदर्शन को लेकर अनुष्का शर्मा पर कॉन्ट्रोवर्शियल बयान को लेकर सुनील गावस्कर के सपोर्ट में उतरे फैन्स



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन का छठा मैच 24 सितंबर (गुरुवार) को दुबई इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम में किंग्स इलेवन पंजाब और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीबी के कप्तान विराट बुरी तरह फ्लॉप हुए और उनकी टीम को 97 रनों की शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। विराट ने फील्डिंग के समय केएल राहुल के दो कैच टपकाए और फिर बल्लेबाजी करते हुए पांच गेंद पर महज 1 रन बनाकर आउट हुए। लाइव कमेंट्री के दौरान पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कुछ ऐसा बोल दिया, जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान अनुष्का का जिक्र किया, जिसके बाद अनुष्का ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें मुंहतोड़ जवाब भी दिया। सोशल मीडिया पर अब गावस्कर की कमेंट्री वाले वीडियो का क्लिप खूब वायरल हो रहा है।

### कृषि बिल: किसानों का जोरदार प्रदर्शन

## सेक्टर 14ए के पास दिल्ली-नोएडा रोड को किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** संसद की तरफ से करीब हफ्ते भर पहले पारित कृषि बिल के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के सदस्यों की तरफ से जोरदार प्रदर्शन किया जा रहा है। इनकी तरफ से सेक्टर 14ए के पास दिल्ली-नोएडा सीमा पर रोड को बंद कर दिया गया है। कई गांव के किसानों ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए दिल्ली की ओर कूच किया था लेकिन उसे पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। ट्रैक्टर्स और कारों के जरिए किसान मयूर विहार स्थित नोएडा गेट के पास सुबह करीब पौने बाहर बजे किसान पहुंचे थे। दिल्ली पुलिस को दिल्ली की तरफ सीमा पर



तैनात किया गया है। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखा है ताकि प्रदर्शन करने वाले किसानों को दिल्ली आने से रोका जा सके। सीमा पर नोएडा की तरफ किसानों ने कई ट्रैक्टर्स और कारों को नोएडा एंट्री गेट के पास पार्क कर रखा है, जिसकी वजह से दोनों तरफ से गाड़ियों की आवाजाही पूरी तर से रूक चुकी है। किसान बैठ चुके हैं और कृषि बिल पर वे वहां पर जुटी भीड़ को संबोधित कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र के अध्यक्ष सुभाष चौधरी चने कहा कि सरकार ने मंडियों को खत्म कर दिया और इन बिलों के माध्यम से किसानों की उपज को सीधे एक्सेस करने के लिए कॉरपोरेट्स के लिए नए रास्ते खोले गए। उन्होंने कहा, किसान अपनी उपज को सही दरों में बेच सके इसके लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है। हम कानून में संशोधन की मांग कर रहे हैं। सरकार को कम से कम न्यूनतम समर्थन मूल्य को सुनिश्चित करना चाहिए।

## बिहार चुनाव: मोदी से ओवैसी तक... नीतीश और तेजस्वी के बीच लड़ाई में 6 बड़े चेहरे होंगे

**पटना।** कोविड-19 महामारी के बीच पहला चुनाव बिहार विधानसभा का होने जा रहे हैं। तीन चरणों में होने वाली इस चुनाव में 28 अक्टूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को वोटिंग होगी। 243 सदस्यीय विधानसभा के नतीजे 29 नवंबर को खत्म होने जा रहे विधानसभा के कार्यकाल से करीब तीन हफ्ते पहले यानी 10 नवंबर को आ जाएंगे।

**नरेन्द्र मोदी**–वह प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार चुनाव पर उनका प्रभाव गहरा होगा, क्योंकि राज्य में एक मजबूत संगठनात्मक पकड़ के बावजूद नीतीश कुमार की छवि का मुकाबला करने के लिए एक भी नेता नहीं है। बिहार में चुनाव से पहले नीतीश कुमार के लिए उनकी शानदार प्रशंसा राज्य के चुनाव में उनके महत्व को दर्शाती है। बीजेपी यह पहले ही कह चुकी है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में चुनाव लड़ा जाएगा, हालांकि राज्य का नेतृत्व नीतीश कुमार के अधीन होगा। कोरोना के बीच राम मंदिर और अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद यह होने जा रहा है। ऐसे में यह उनके के लिए एक परीक्षा की घड़ी भी है, जिनकी लोकप्रियता को साल 2015 चुनाव में गहरा झटका लगा था।



**नीतीश कुमार**–2005 के बाद नीतीश कुमार सातवें कार्यकाल के लिए चुनाव मैदान में हैं और सबसे ज्यादा उनके ऊपर फोकस रहेगा। हालांकि, उनकी पार्टी राज्य में सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत नहीं जुटा पाई, उसके बावजूद वह ऐसे निर्विवाद नेता रहे जिन्होंने अपने सहयोगियों के साथ संतुलन बनाकर रखा। बीजेपी की स्वीकार्यतता और क्षमता के बावजूद वह हिंदी प्रदेश बिहार में जेडीयू को आगे कर चुनाव लड़ रहे हैं।

**तेजस्वी यादव**–लालू यादव जैसे व्यापक जनाधार वाले नेता की छत्र-छाया से बाहर निकलकर आना किसी बेटे के लिए आसान नहीं है। तेजस्वी यादव भी उसी तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और आरजेडी के 15 वर्षों के शासन की छवि से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। नीतीश कुमार से बड़े राजनेता उनके लिए एक बड़ी चुनौती हैं। मुस्लिम और यादव वोटबैंक के साथ वह युवा और अन्य वर्गों के लोगों को अपनी ओर खींचने में लगे हुए हैं।

**चिराग पासवान**–वह युवा और महत्वाकांक्षी नेता हैं। चिराग पासवान लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष हैं, जिनके पिता ने साल 2000 में पार्टी बनाई थी, लेकिन वह मेहनत के पीढ़ीगत बदलाव की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने चचेरे प्रिंस राज जो समस्तीपुर से पहली बार सांसद बने हैं, उन्हें बिहार पार्टी का अध्यक्ष बनाया है। एनडीए में होने के बावजूद दो बार से जमुई से सांसद चिराग, नीतीश कुमार पर हमले और प्रधानमंत्री की तारीफ करने से नहीं झिझकते हैं। जिससे यह जाहिर होता है कि कैसे वह संतुलन करना जानते हैं। रामविलास पासवान ने पिछले साल पार्टी की कमान उन्हें सौंप दी, ऐसे में चिराग पर सबकी नजर होगी।

**सुशील कुमार मोदी**–2005 से ही एनडीए की सरकार में नीतीश कुमार उप-मुख्यमंत्री रहे हैं और वह नीतीश कुमार के साथ अपने करीबी संबंधों के चलते बीजेपी और जेडीयू के बीच पुल का काम किया है। राज्य में वह बीजेपी का चेहरा है हालांकि इस दौरान पार्टी ने करीब आधा दर्जन प्रदेश अध्यक्ष बदले हैं। इससे पार्टी के अंदर उनके कद को जाहिर करता है।

**असदुद्दीन ओवैसी**–असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मस्लिमीन (एआईएमआईएम) बिहार की राजनीति में कोई बड़ा खिलाड़ी नहीं है, लेकिन उनकी बढ़ती महत्वाकांक्षा विरोधियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। बिहार में ऐसी 80 सीटें हैं जहां पर अल्पसंख्यकों का दबदबा है। सीमांचर की 30 विधानसभा सीटों पर अल्पसंख्यकों वोटों का विभाजन निर्णायक हो सकता है। एआईएमआईएम ने पहली बार 2019 के उप-चुनाव में एक सीट जीती थी।


ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# सम्भागीय महामंत्री ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** मप्र में किसान बेहद परेशान है चाहे फिर वह फसल से हो या विधुत व्यवस्था से किसान हर तरफ से परेशान है और इसी परेशानी के चलते किसान गलत कदम उठाने को मजबूर हो रहे

## मांगे पूरी न होने पर आंदोलन करने की दी चेतवानी

हैं।जिसके चलते किसान परिवार कल्याण संगठन के नवनियुक्त ग्वालियर सम्भागीय महामंत्री राजवीर सिंह कौरव की अगुवाई में किसान परिवार कल्याण संगठन ने लहार एसडीएम महोदय को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमे उन्होंने किसानों के हित की मांगे की तथा उन्होंने ज्ञापन में मांगे पूरी न होने पर आंदोलन करने की भी बात कही।इस दौरान उनके साथ जितेंद्र रजक चम्बल महामंत्री,भूपेंद्र सिंह कौरव ब्लॉक अध्यक्ष लहार,रोहित सिंह कौरव ब्लॉक सचिव लहार,कंचन सिंह कौरव ब्लॉक कोषाध्यक्ष लहार व अन्य साथी मौजूद रहे।

**किसान परिवार कल्याण संगठन द्वारा की गई मांगे**

1-पूर्व सरकार द्वारा किसानों के दो लाख रुपये तक का ऋण माफी योजना संचालित की गई थी जिसका दूसरा चरण प्रारम्भ होना था परन्तु असमय सरकार बदल जाने से उक्त योजना का काम पूर्ण नही हों



सका,परिणाम स्वरूप किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है।जिससे कि जल्द से जल्द किसानों का कर्जा माफ किया जाए।

2-भावान्तर भुगतान योजना के तहत मक्का,सोयाबीन पर 500 रु.देने की घोषणा की गई थी जो अभी तक लम्बित है उसे भी पूरा किया जाए।

3-मप्र के विभिन्न जिलों में चना उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर की गई उपज का भुगतान अभी तक नही हुआ है।उसका भी भुगतान जल्द कराया जाए।

4-कोरोना काल मे फल सब्जी उत्पादक किसानों उत्पादक की विपणन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान न झेलना पढे।

5-खरीब सीजन में वर्षा के अभाव वाले जिलों सहित सम्पूर्ण मप्र में विधुत प्रवाह व्यवस्था को सुद्रण बनाकर खेतो की बिजली कम से कम 12 घण्टे वितरित की जाए जिससे किसान अपनी फसलों को बचा सके।

6-भिंड एवम दतिया में वर्षा कम होने के कारण धान,ज्वार,बाजरा सूखने के कगार पर आ गया है तथा किसानों की उचित मुआवजा दिलवाया जाये एवम सूखाग्रत घोषित किया जाए।जिससे किसान आत्महत्या के लिए मजबूर न हो सके।

7-हाल ही में गुना जिले में दलित किसान को वर्वतापूर्ण तरीके से पीटा गया है जो कि लोकतांत्रिक तरीके से परे है तथा किसान को न्याय दिलाया जाए एवम अपराधियों को सजा दी जाए।

8-मप्र के किसानों को हर वर्ष रासायनिक खाद की परेशानियां झेलना पड़ती है रासायनिक खाद प्रणाली को सुद्रढ़ एवम सरल बनाया जाए आदि मांगे किसान परिवार कल्याण संगठन के द्वारा की गई।



# ब्रेकिंग दतिया पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च लोगों को दी समझाइश

**दतिया से ग्वालियर संभागीय ब्यूरो चीफ संदीप प्रधान की रिपोर्ट**

**दतिया।** सिटी एसडीओपी सुमित अग्रवाल एवं सिटी कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया एवं सिविल लाइन टीआई रविंद्र गुर्जर पुलिस बल के साथ राजगढ़ चौराहे से मेन मार्केट बाजार होते हुए किला चौक होते हुए लोगों को मार्क्स लगाने की समझाइश दी और सोशल डिस्टेंस बनाने की समझाइश देते हुए जगह जगह एकजुट लोगों को अलग अलग रहने की समझाइश भी दी कहां सावधानी ही हमारी सुरक्षा है इसलिए मार्क्स पहन कर रहे हैं एवं सभी दुकान बा होटल मालिकों को भी समझाइश दी।

# मैसूरू के जीवधारा रक्तकोष में शुरू हुई प्लाजमा प्रक्रिया



**नारायणलाल सैणचा**

**मैसूरू-**शहर के सय्याजी राव रोड पर स्थित जीवधारा रक्तकोष में कोरोना बीमारी से जूझ रहे मरीजों के इलाज में बेहद महत्वपूर्ण प्लाजमा थेरेपी के लिए कोविड कोन्वलेसेंट प्लाजमा (सी.सी.पी.) प्रक्रिया की शुरुआत हुई। कोरोना से मुकाबला कर प्लाज्मा दान के लिए आगे आए ओ पॉजिटिव प्लाज्मा दाता कुमार टी.ए. ने यहां अपना प्लाज्मा दान किया। जिसे कावेरी हॉस्पिटल में एडमिट कोड़गू पुलिस अधिकारी के इलाज के लिए कावेरी हॉस्पिटल भेजा गया। कोरोना बीमारी के इलाज में प्लाजमा थेरेपी काफी कारगर साबित हो रही है। कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने के 28 दिन पश्चात अपना प्लाजमा दान कर सकते है, उनके शरीर में एंटीबॉडी काफी अच्छी होती है, जिसे कोरोना मरीज के शरीर में ट्रांसफ्यूज किया जाता है, इससे रोगी के शरीर में कोरोना से लडने की क्षमता बढ़ती है। तेरापंथ युवक परिषद से आनन्द मांडोत, रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट से देवेन्द्र परिहारिया ने कोरोना संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगो से आगे आकर स्वैच्छिक प्लाज्मा दान करने की अपील करते हुए कहा कि प्लाज्मा गम्भीर रोगियों के लिए संजीवनी की तरह कार्य करता है। इस अवसर पर डॉ.अन्नपूर्णा रमेश, डॉ. एच.एस. किरण, जीवधारा रक्तकोष के निर्देशक गिरीश एस.ई., मनोज कुमार, चेतन, ममता, मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पोषण माह का लक्ष्य एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने का है

## तीस गांव से आए हुए एकल विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में प्रशिक्षित किया गया...

**केशब पडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह मुरैना-** आज पोरसा विकासखंड के परीक्षित का पुरा पंचायत में चाइल्ड लाइन टीम 1098 द्वारा अम्बाह, पोरसा विकासखंड के तीस गांव से आए हुए एकल विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को पोषण आहार, स्वच्छता, चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में प्रशिक्षित किया गया। धरती संस्था द्वारा मुरैना जिले में संचालित चाइल्ड लाइन मुरैना के सिटी कोडिनेटर हरिशरण अवस्थी ने कहा कि लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और भलाई के बारे में उनको जागरुक करने के लिये प्रति वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। लोग अपने खाने की थाली और संतुलित आहार को लेकर जागरुक हो सकते हैं जिससे वो अच्छा पोषण प्राप्त कर सकते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिये भरपूर अनाज, फल, हरी सब्जी, दूध या दूध के उत्पाद, मीट, मछली, बादाम आदि खाना चाहिये। राष्ट्रीय पोषण माह का लक्ष्य एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने का है जिसके लिये दूसरे अभियानों के साथ स्वीकृत प्रशिक्षण, समय से शिक्षा, सेमिनार, विभिन्न प्रतियोगिताएँ, आदि के द्वारा समुदायों के लोगों के बीच पोषण संबंधी परंपरा की जागरुकता को फैलाने की जरुरत है।

# श्मशान घाट बहु फोर्ट जम्मू में फैली अव्यवस्था के कारण स्थानीय लोग चिंतित

**जम्म।** श्मशान घाट बहु फोर्ट जम्मू में फैली अव्यवस्था के कारण स्थानीय लोग चिंतित हैं उसकी पूर्ति के लिए जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के सुशासन एवं केंद्र प्रदेश समन्वय विभाग के प्रदेश प्रभारी कुंवर राजीव चाढक को वहां आमंत्रित कर पेश आ रही परेशानियों का हाल बताया । स्थानीय लोगों ने कहा कि हाल ही में जम्मू नगर निगम द्वारा जो काम करवाया गया उससे हम लोग संतुष्ट नहीं हैं इससे पूर्व जो मार्बल का कार्य हुआ था पूरे का पूरा मार्ग जगह-जगह से गिर गया हुआ है लोगों का कहना है कि यह काम ठीक नहीं हुआ जिसकी जांच होनी चाहिए स्थानिय लोगों ने कहा की श्मशान घाट के साथ लगती शिशु समाधि नाले में बहाव के कारण बहती जा रही हैं प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है कालका कॉलोनी में नाला बना परंतु शिशु समाधियों के पास इसका निर्माण नहीं हुआ जिसके कारण संपूर्ण शिशु सकते में हैं लोगों ने बताया की श्मशान घाट में लकड़ी की भी व्यवस्था नहीं है अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी यहां उपलब्ध नहीं है जिसके कारण मृत्यु होने पर लोगों को दर-दर भटकना पड़ता है । स्थानीय लोगों को आश्वस्त करते हुए कुं. राजीव चाढक ने कहा कि यह सभी मांगे संबंधित विभागों के साथ रखी



जाएंगे ताकि अति शीघ्र इसका निवारण हो सके उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से रेत बजरी के ट्रैक्टर ट्राली श्मशान घाट से होकर गुजरते हैं जिसके कारण श्मशान घाट में लगी टायलों को नुकसान पहुंच रहा है आवकश्यता है कि शमशान घाट का गेट लगाया जाए ताकि नदी से रेता बजरी लाने वाले ट्रैक्टर ट्राली एवं टिप्पर यहां से ना गुजर सकें उन्होंने कहा की शमशान घाट को व्यक्ति का अंतिम घर कहा जाता है परंतु यहां फैली गंदगी की तरफ स्थानीय पार्षद ध्यान नहीं दे रहे जबकि नगर निगम की ओर से श्मशान घाटों के रखरखाव के लिए खूब धन आवंटित किया गया है जरूरत है कि ऐसे स्थानों की सुंदरता बनाई जाए श्मशान घाट तक का रास्ता पक्का और सही बनाया जाए उन्होंने कहा की जुईडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे नाले को अतिशीघ्र पूरा जाए ताकि शिशु समाधियों के स्थान पर जो भूमि कटाव हो रहा है उस पर रोक लग सके ! कुं. चाढक ने कहा की गौरख नगर से श्मशान घाट की ओर जाने वाले रास्ते की हालत बहुत दयनीय बनी हुई है जिसके कारण लोगों को शव ले जाते हुए भी बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है कई बार लोग सब सहित गिर पड़े हैं उन्होंने कहा कि इस रास्ते को भी अति शीघ्र बनाने के लिए जम्मू नगर निगम के महापौर से बात करेंगे ताकि भविष्य में लोगों को परेशानी ना आए ! अंत में बोलते हुए कुंवर चाढक ने कहा की श्मशान घाट पर लकड़ी का टाल खोलने के लिए वन विभाग से संपर्क करेंगे ताकि भविष्य में लोगों को संस्कार के समय इस प्रकार की कोई परेशानी ना आए उन्होंने कहा कि अगर कोई स्थानीय युवक तैयार होता है कि वह टाल चला सके उसके लिए वह वन विभाग से अनुमति दिलाकर लकड़ी भी दिलाएंगे । इस अवसर पर जम्मू कश्मीर गोरखा बिरादरी की प्रधान करुणा क्षत्रिय डोगरा सभा के पूर्व प्रधान ठाकुर नसीब सिंह गोरिया भाजपा नेता सुभाष चंद्र, अजय कुमार, सनी सलगोत्रा, दर्शन कुमार, मनीष अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे



# जनता का मत और विश्वास बेचनें वालों को मतदाता माफनही करेगें:डॉ. सिकरवार

## जगह-जगह जनसम्पर्क में हुआ डॉ. सिकरवार का स्वागत

**ग्वालियर।** वरिष्ठ कॉग्रेस नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार का आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के द्वारकाधीष कॉलोनी थाठीपुर, अशोक कॉलोनी, नारायण विहार कॉलोनी, हुरावली एवं आर्य समाज मंदिर बारादरी मुरार में कॉग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनता ने डॉ.सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रमों कई लोगों ने कॉग्रेस पार्टी की सदस्यता गृहण की। कार्यक्रमों में डॉ. सिकरवार ने मौजूद जनता को संबोधित करते हुये कहा कि वो कहते थे कि चुनाव जीतने के बाद ग्वालियर पूर्व विधानसभा में विकास की गंगा बहा दूँगा, चुनाव जीत गये और विकास की गंगा भी बहा दी लेकिन खुद के घर और परिवार में। जनता के मत, विषावस और खुद को बेच कर। ऐसा विश्वासघात करने वाले को कभी माफनही किया जा सकता है और आने वाले उप विधानसभा चुनाव में आप और हम मिलकर ऐसे लोगों को मुँह तोड जबाब देगें।

# दबोह में कोरोना की दस्तक शुक्रवार को 2 निकले पोजिटिव

## मुख्य नप अधिकारी ने कन्टेनमेंट एरिया किया सेनेटाइज

**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** कोरोना महामारी जिस रफ्तार से अब फैल रही है उससे जनता में दहशत पैदा हो गई है।क्योंकि दबोह नगर में शुक्रवार को 02 नए कोरोना पॉजिटिव निकलते ही नगर दबोह में हलचल पैदा हो गई है।क्योंकि अब नगर दबोह में कुल कोरोना पॉजिटिव की संख्या 03 हो गई है जिसमे से पूर्व में निकले दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का कमर्चारी दूसरा प्राइवेट क्लीनिक संचालक व तीसरा मेडिकल संचालक है।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि शुक्रवार को निकले 2 पॉजिटिव लोगो की जांच सुबह ही किट के द्वारा दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई थी।जिसके बाद ही दोनों कोरोना पॉजिटिव पिता-पुत्र को भिंड ले जाया गया तो वहीं नगरीय प्रशासन भी सख्त हो गया और जनता परेशान भी।दबोह





नगर में पुनः पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद एन आर खेंगर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पूरे एरिये को कन्टेनमेंट एरिया घोषित कर सेनेटाइज किया।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी एन आर खेंगर ने पॉजिटिव पाए गए व्यक्ति के परिवार,आस पास के लोगो से व सम्पर्क में आने वालों से घर मे ही रहने की बात कही तो वहीं वार्डवासियों से भी अपने अपने घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा।

**सम्पर्क में आये लोग भी कराएं सेम्पलिंग-डॉ.निशान्त यादव-** शुक्रवार को दबोह नगर में 02 व्यक्तियो की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आते ही दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडीकल ऑफिसर डॉ.निशान्त यादव ने बताया कि शुक्रवार को 06 लोगो की सेम्पलिंग के लिए भेजी है।तो वहीं उन्होने कहा कि दबोह में निकले कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों के सम्पर्क में आये लोग भी अपनी-अपनी सेम्पलिंग दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जरूर कराएं।उन्होने दबोह नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि कृपया सभी लोग घरो में ही रहे और केवल जरूरत पड़ने पर ही घरो से बाहर निकलें व मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग अवश्य करें।



# भाजपा नेताओं ने मनाई पण्डित दीनदयाल जी जयंती

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ जितेंद्र सिंह परमार रिपोर्टर खैरागढ़**

**जगनेर।** भारती जनता पार्टी के नेताओ ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 104 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई सबसे पहले भाजपा नेताओ ने पंडित जी तस्बीर पर माल्यापर्ण कर दीप पज्वलित किया इसके पश्चात। जगनेर में भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर में प.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई विधायक महेश गोयल मौजूद रहे वही भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ.लवलेश कुमार ने बताया कि सभी बूथ अध्यक्षो को चित्र वितरण कर दिया गया है हर बूथ पर कार्यक्रम किये जा रहे है मास्क ओर दूरियां बनाते हुए कार्यक्रम किये गए है।



# शिवसेना का प्रदर्शन, नेताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर हो सरकार

**जम्मू - (अमित कुमार)**

शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर इकाई ने कश्मीर में जारी बेगुनाहों की हत्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए , सरकार पर नेताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाने की अपील की है । पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनीश साहनी की अध्यक्षता में दर्जनों शिव सैनिकों ने कश्मीर में नेताओं एव बेगुनाहों की हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए , आंतकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मनीश साहनी ने कहा कि आंतकवाद आज भी जम्मू-कश्मीर के लिए मुख्य चुनौती बना हुआ है । पाकिस्तान की कठपुतलियां अपनी नापाक हरकतों को जारी रखते हुए बेगुनाहों को लगातार निशाना बनाया जा रहा हैं। पिछ्ले दो महीनों में कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में दो सरपंचों सहित पांच नेता मारे गए हैं । बीते कल एक एडवोकेट एवं बीबीसी चेयरमैन की हत्या कर दी जाती है। साहनी ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल माननीय मनोज सिन्हा से नेताओं की सुरक्षा को पुख्ता बनाने की अपील करते हुए कहा कि , आंतकवाद के साय में जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र बहाली का सपना साकार नहीं किया जा सकता। साहनी ने केन्द्र सरकार से अलगाववादी नेताओं के प्रति कडे रूख को जारी रखने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों की सतर्कता के चलते आतंकवादियों के खात्मे की उलटी गिनती जारी है। आंतकवादी अपना खौफ बरक़रार रखने के लिए बेगुनाहों एवं निहत्थों पर हमले कर रहे हैं। को इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर, कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, महासचिव विकास बख्शी, सचिव राज सिंह, सहसचिव राजू सवारियां, भूरी सिंह, संजीव सूदन, रमेश सिंह, गीता रानी, लबबा राम, डिम्पल, राजेश हांडा उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रियासी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शील मगोत्र व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी जयंती को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**रघुवीर ठाकुर**



रियासी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय रियासी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शील मगोत्र व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी जयंती को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। वही पार्टी के कार्यकर्ताओं व जिला अध्यक्ष ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाएं रास्तों पर चलने का प्रण लिया।

# जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी एडवोकट अजीत परमार जी को खेरागढ़ विधान सभा प्रभारी बनाया गया है

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ प्रवेंद्र सिंह ब्यूरो चीफ आगरा**

कुँवर रधुराज प्रताप सिंह उर्फ़ राजा भैया जी की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के मंडल अध्यक्ष मा. श्री नवीन सिंह जी जिला अध्यक्ष श्री यमराज सिंह चौहान जी ओर जिले की टीम के आदेश अनुसार एडवोकट अजीत परमार जी को खेरागढ विधान सभा प्रभारी बनाया गया है जिसके लिये अजीत परमार जी का खेरागढ विधान सभा की टीम की तरफ बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ विधानसभा प्रभारी जी के आदेशो अनुसार खेरागढ विधान सभा मे



ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान ओर जमीनी स्तर पर कार्य कराने के लिये चर्चा की गई ओर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी को आने वाले विधानसभा चुनाव मे खेरागढ से ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने का प्रयास होना चाहिए जिसमे मोजूद रहे सुरेन्द्र सिंह परमार, मीडिया प्रभारी आगरा प्रवेन्द्र सिंह जी, रामकुमार जी रामलखन, रवी ओझा, सोनू शर्मा जी, रवेन्द्र शर्माजी, ब्रजेश परमार जी अजय सिकरवार जी पुषपेन्द्र तोमर, पुषपेन्द्र परमार जी, मानवेंद्र जी, संजय परमार जी, रिसी परमार जी मुनेन्द्र परमार बंटी परमार पंकज परमार महेश परमार हेमेन्द्र परमार जी, राघवेंद्र जी, समस्त आदि टी।



# प्रधान के खिलाफ गबन के आरोपों की जांच

**रिपोर्टर खेरागढ़: राजकुमार राजपूत**

आगरा विकासखंड खैरागढ़ के क्षेत्र गांव लालपुर में प्रधान के 5 वर्षीय कार्यों के सत्यापन हेतु ग्रामीण लोगों ने मुख्य विकास अधिकारी के यहां शिकायत की थी जिसके सत्यापन के लिए जिला स्तरीय टीम द्वारा जांच की गई जिसमें मुख्य बिंदुओं पर जांच की गई आवास खड़ंजा नालियां हेड पंप एवं स्वच्छता मिशन के तहत किए गए कार्यों की जांच की गई जिसमें ग्रामीणों का आरोप है कि अपात्र लोगों को आवास दिए गए और गरीब लोगों को वंचित कर दिया है ग्राम प्रधान द्वारा सीसी खरंन्जे को लेकर ग्राम प्रधान द्वारा मानकों के अनुरूप सही कार्य नहीं कराया गया है एवं ग्राम प्रधान का कहना है कि चुनाव का माहौल चल रहा है और लोग हमारे विकास कार्यों से दुखी हैं बहुत सारे विकास कार्य हुए हैं जो भी विकास कार्य हुए हैं वह आपके सामने है जो भी कार्य हुए हे वह नियम अनुसार हुए हैं और सभी कार्यों में अच्छी गुणवत्ता माल लगाया गया वहीं जांच टीम का कहना है कि जो भी खामियां है उनकी जल्द से जल्द स्पष्टीकरण किया जाएगा प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश पाया गया ग्रामीणों का कहना है कि हमें सही न्याय नहीं मिला तो हम लखनऊ तक जाएंगे।



## प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार करने पर भी

# भाजपा को उपचुनाव जीतने में कठिनाई नहीं होगी: सिंधिया

**अशोकनगर (मध्य प्रदेश), एजेंसी।** भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि यदि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश विधानसभा की 28 सीटों के लिए होने वाले आगामी उपचुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में चुनाव प्रचार करतीं हैं, तो भी भाजपा को उपचुनाव जीतने में कोई कठिनाई नहीं होगी। सिंधिया ने एक सवाल के जवाब में अशोकनगर जिले के राजपुर में संवाददाताओं से कहा, ये मेरा मध्य प्रदेश एवं मेरा ग्वालियर-चंबल संभाग सबका स्वागत करता है। (इस उपचुनाव में प्रियंका के चुनाव प्रचार करने से भी भाजपा को) कोई कठिनाई नहीं होगी। उनसे मध्य प्रदेश विधानसभा के आगामी उपचुनाव में, विशेष रूप से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में प्रियंका गांधी द्वारा चुनाव प्रचार करने की संभावनाओं पर सवाल पूछा गया था। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सिंधिया का गढ़ कहलाता है और प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में से 16 सीटें इसी इलाके में आती हैं। राज्यसभा सदस्य सिंधिया ने दावा किया कि इन सभी 28 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा का परचम लहरायेगा और आगे आने वाले वर्षों में हम प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ के नेतृत्व वाली 15 महीने की पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार ने भ्रष्टाचार कर प्रदेश को तबाह कर दिया था। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान फिर से प्रदेश को विकास के मार्ग पर ले जाएंगे।

# मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 2304 नए मामले, 45 लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2304 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या 115361 तक पहुंच गई। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से 45 और व्यक्तियों की मौत हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 2122 हो गई है। मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से इंदौर में आठ, ग्वालियर में पांच, भोपाल, जबलपुर, मुरैना, नीमच, शहडोल, दमोह, खंडवा, राजगढ़, टीकमगढ़ में दो-दो, जबकि खरगोन, उज्जैन, सागर, धार, रतलाम, बड़वानी, रीवा, सीहोर, होशंगाबाद,



सतना, देवास, कटनी, शाजापुर एवं हरदा में एक-एक मरीज की मौत हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 524 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 368, उज्जैन में 90, सागर में 92, जबलपुर में 134 एवं ग्वालियर में 112 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आज कोविड-19 के सबसे अधिक 414 नए मामले इंदौर जिले में आए हैं। जबकि भोपाल में 267, ग्वालियर में 129, जबलपुर में 187, शहडोल में 83, नरसिंहपुर में 81, उज्जैन में 61, अनूपपुर में 52 एवं धार में 51 नए मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 1,15,361 संक्रमितों में से अब तक 90,495 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गये हैं और 22,744 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि आज 2,327 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# आर्थिक तंगी से इतना हुए परेशान चाय के लिए दूध खरीदना भी किया बंद और एक दिन...

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के पिवड़ाय गांव में गरीबी से तंग आकर बुजुर्ग दंपती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घर में आर्थिक तंगी इतनी थी कि उन्होंने चाय के लिए दूध तक खरीदना बंद कर दिया था। जहर खाने के बाद दोनों ने बेटी को फोन पर कहा कि खुश रहना, अब हम जा रहे हैं। 60 वर्षीय राधेश्याम कामदार और पत्नी शिवकन्या बेटे गोपाल के साथ रहते थे। मंगलवार को जब उनका बेटा काम से बैंक गया हुआ था, उसी समय दोनों ने जहर खा लिया। इसके बाद खुड़ैल में ब्याही बेटी अलका को फोन कर जानकारी दी। उससे कहा- हम तो जा रहे हैं, अब तू खुश रहना। बेटी ने तत्काल आसपास के रिश्तेदारों को फोन लगाया। रिश्तेदार उन्हें एमवायएच ले गए। देर रात उनकी मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उन्हें एक साथ अंतिम विदाई दी गई। अंत्येष्टि में काफी लोग शामिल हुए। गांववालों ने बताया कि राधेश्याम बचपन से दिव्यांग थे। उनके पास जमीन भी नहीं थी। घर का खर्च चलाने के लिए पति-पत्नी मजदूरी करते थे। लॉकडाउन में मजदूरी मिलना भी बंद हो गया। इससे वे काफी परेशान रहने लगे थे। बेटा गोपाल एक फैक्टरी में काम करता था। लॉकडाउन में उसे भी काम पर आने से मना कर दिया गया था। इससे घर की हालत और खराब हो गई।

# अंडा नहीं खाने पर सहेली ने छात्रा के सिर पर बीयर की बोतल दे मारी, बड़ी बहन के घर पहुंचकर तोड़फोड़ भी की



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बागसेवनिया इलाके में अंडा खाने की बात को लेकर दो सहेलियों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। आरोपी युवती ने सहेली के सिर पर बीयर की बोतल तक फोड़ दी। उसका गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ। वह कार लेकर सहेली की बड़ी बहन के घर पहुंची और जमकर तोड़फोड़ की। देर रात थाने पहुंची युवतियों ने केस दर्ज करवाया। बागसेवनिया निवासी रितु श्रीवास्तव ने बताया कि 20 साल की उसकी मुंहबोली छोटी बहन श्रद्धा स्कूल में पढ़ती है। वह शाहपुरा में रहने वाली उसकी सहेली रूपल के घर रह रही थी। श्रद्धा ने रूपल से सिर्फ इतना कहा था कि तुम अंडा कैसे खा सकती हो। तुम्हें नॉनवेज नहीं खाना चाहिए। इस पर रूपल भड़क गई और उनके बीच जमकर झगड़ा हुआ। रितु ने आरोप लगाया कि रूपल ने श्रद्धा के सिर पर बीयर की दो बोतल फोड़ दी। इसके बाद वह कार से शाहपुरा से बागसेवनिया उनके घर आ गई। उसने जमकर गाली-गलौज करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उसके साथ उसका कोई दोस्त भी था। रितु ने आरोप लगाए कि रूपल ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने घर में रखे सामान में तोड़फोड़ भी। फ्रिज और स्कूटी को जमीन पर पटक दिया। लोगों के जमा होने पर वे दोनों वहां से भाग गए। उसके बाद उन्हें पता चला कि श्रद्धा से भी वह मारपीट करके आई थी। उन्होंने देर रात बागसेवनिया थाने पहुंचकर इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। हालांकि पुलिस ने सिर्फ अभी रूपल को ही आरोपी बनाया है।

# 12 की छात्रा ने रची अपहरण की झूठी कहानी जब पुलिस ने मोबाइल किया ट्रेस तो....

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के हरदा में अपने प्रेमी के साथ भागी एक स्कूली छात्रा ने अपने अपहरण की झूठी कहानी रच दी। परिवार को गुमराह करने के लिए उसने अपहरण का गलत मैसेज कर दिया। परेशान परिवार वालों ने पुलिस में शिकायत की और पुलिस ने उसे आगर मालवा में ढूंढ निकाला। लड़की 12वीं में पढ़ती है। स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिवार के लोग उसे ढूंढ़ने लगे। इसी बीच छात्रा की चाची के मोबाइल पर एक मैसेज आया। इसमें लिखा था- आपकी लड़की हमारे कब्जे में है, पैसे पहुंचा दो नहीं तो उसे मार डालूंगा। मैसेज पढ़ते ही परिवार वालों के पसीने छूट गए। उन्होंने फौरन हरदा सिटी कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने मोबाइल फोन को ट्रेस कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। लड़की अपने



प्रेमी के साथ घर से भागी थी। पुलिस ने लड़की-लड़का दोनों को आगर मालवा से ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि लड़की ने मैसेज के जरिए परिवार को गुमराह करने की कोशिश की थी। हरदा में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली लड़की स्कूल के लिए घर से गयी थी। स्कूल खत्म होने के बाद जब साथ में पढ़ने वाली छात्रा ने उसे घर चलने के लिए कहा तो उसने कुछ बहाना बना दिया और घर नहीं लौटी। जब शाम तक वह घर नहीं पहुंची तब परिजनों ने हरदा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। देर रात लड़की की चाची के मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमे लड़की के कब्जे में होने की बात कही गयी थी और रुपए की मांग की गई थी। मांग पूरी न होने पर लड़की को मार डालने की धमकी दी गई थी। मैसेज मिलने के बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। हरदा थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, लेकिन तब तक मोबाइल फोन बंद कर दिया गया था। वह बॉयफ्रेंड से लगातार बात कर रही थी। बॉयफ्रेंड के मोबाइल के आधार पर दोनों को लोकेट किया गया। लड़की का प्रेमी फाइनेंस कम्पनी में काम करता है।

# राजगढ़ जिले में संबल योजना में 9260 हितग्राहियों को 44.41 करोड़ की सहायता

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनान्तर्गत 35,41,06 हिताधिकारीयों को पंजीकृत किया गया। संबल योजना के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ से लेकर दिनांक 23 सितम्बर 2020 तक संबल की विभिन्न योजनाओं में 9260 हिताधिकारीयों को 44.41 करोड़ की आर्थिक सहायता दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि सहायता योजना, 2018 के 2659 हितग्राहियों को 1.33 करोड़, जन कल्याण अनुग्रह सहायता योजना 2018 सामान्य मृत्यु के 1512 हितग्राहियों को 30.20 करोड़, दुर्घटना में मृत्यु के 232 हितग्राहियों को 9.28 करोड़, स्थाई अपंगता लाभार्थी के 05 हितग्राहियों को 10 लाख, आंशिक स्थाई अपंगता लाभार्थी के 03 हितग्राहियों को 03 लाख, प्रसूति सहायता योजना प्रसव पूर्व जांच प्रोत्साहन के 2101 हितग्राहियों को 0.54 करोड़, संस्थागत प्रसव प्रोत्साहन के 2748 हितग्राहियों को 2.93 करोड़ की सहायता दी गई है। इस प्रकार कुल 9260 हितग्राहियों को 44.41 करोड़ की सहायता दी गई है।

# नगरीय निकायों में सभी निर्माण कार्य समय पर पूरे हो: कलेक्टर

**कार्य में शिथिलता पर नपा राजगढ़ उपयंत्री का वेतन रोका, सी.आर. वार्निंग दी**

**राजगढ़ ।** कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने जिले के समस्त नगरीय निकायों के हितग्राही मूलक एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होने राजस्व वसूली, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, खाद्यान्न पर्ची, आधार सीडिंग, निर्माण कार्यो की समीक्षा, पेयजल योजनाओं की समीक्षा, स्वच्छता सर्वे 2021 की तैयारी आदि की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए राजगढ़ नगर पालिका मे चल रहे निर्माण कार्यो में प्रगति न पाए जाने पर यंत्री श्री देवेन्द्र कोल की वेतन वृद्धि रोकने तथा उन्हे सी.आर. वार्निग देने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि ठेकेदार के विरूद्ध ब्लेक लिस्टेड की कार्यवाही करें। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान चालू वसूली में पचोर का स्थान पहला रहा उन्होने 284.26 करोड़ रूपये वसूल किए जो कि मांग का 74 प्रतिशत है। सबसे कम वसूली 16 प्रतिशत नरसिंहगढ़ की रही। प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा के दौरान अपूर्ण आवास शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए सबसे ज्यादा अपूर्ण आवास सारंगपुर में 2596 पाए गए दूसरे नम्बर पर 1543 आवास पचोर मे अपूर्ण पाए गए नगर पालिका ब्यावरा व सुठालिया में सभी आवास पूर्ण पाए गए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो को विशेष ध्यान देकर पूरे कराने पर जोर दिया बैठक में पी.ओ. डूडा, श्री नायक व सभी सी.एम.ओ. व उपयंत्री मौजूद रहे।





मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हाल में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का शुभारंभ किया।...



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटाप क्रय के लिये प्रतीकात्मक चेक एवं प्रशस्ति-पत्र वितरित किये।...

# जिले में अब तक 1406.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

## बीते 24 घंटे में 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन ।** जिले में 01 जून 2020 से 25 सितम्बर 2020 तक 1406.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 333.4 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2020 से 25 सितम्बर 2020 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1123.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1236.6, बेगमगंज में 1362, सिलवानी में 1203.8, गौहरगंज में 1597, बरेली में 1311, उदयपुरा में 1795.7, बाड़ी में 1494 और वर्षामापी केन्द्र सुल्तानपुर में 1533.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**बीते 24 घंटे में 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा–** जिले में बीते 24 घंटे में 25 सितम्बर 2020 को प्रातः 08 बजे तक 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 2.4, गैरतगंज में 5.2, बेगमगंज में 02, सिलवानी में 01, गौहरगंज में 0, बरेली में 0, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र सुल्तानपुर में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# विधान सभा उपनिर्वाचन के मद्देनजर शस्त्र जमा करने के आदेश

**राजगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन 2020 अन्तर्गत राजगढ़ जिले की एक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 161-ब्यावरा का चुनाव कराया जाना है। विधानसभा चुनाव प्रसार-प्रचार के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों के समर्थकों के मध्य विवाद होने क आशंका रहती है। ऐसी स्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शस्त्रों के दुरूपयोग की संभावना से इन्कार नही किया जा सकता। अतः उक्त परिस्थियों की दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा उप निर्वाचन को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से राजगढ़ जिले के अन्तर्गत समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों की शस्त्र अनुज्ञप्तियां निलंबित किया जाना जरूरी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह ने शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 17(3) के तहत राजगढ़ जिले की समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से अस्थाई रूप से निलंबित किए है। उन्होने शस्त्र अनुज्ञप्तिधारिकों को आदेशित किया है कि यह अपने-अपने शस्त्र इस आदेश के दिनांक से एक सप्ताह के भीतर निकटतम पुलिस थाने/पुलिस लाईन में जमा कराया जाकर प्राप्ति/अभिस्वीकृति प्राप्त कर लें। कोविड़-19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सभी लायसेंसधारियों को आदेशित किया है। कि वह थाने में शस्त्र जमा कराने के समय मास्क फेस कवर अनिवार्यतः लगाए तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाने में आने वाने शस्त्र लायसेंसधारियों के हाथ धोने हेतु पानी साबुन तथा सेनेटाइजर की पर्याप्त व्यवस्था रखे तथा सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड़-19 के दिशा निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ इस आदेश को संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से परिपालन सुनिश्चित करायेगे तथा संबंधित थानों में जमा कराये गये शस्त्रों की जानकारी प्रतिदिन निर्वाचन आयोग एवं इस कार्यालय की शस्त्र शाखा में प्रस्तुत करायेगे। निर्वाचन कार्य में संलग्न समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी शासकीय सेवकों पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों, वन विभाग, जेल विभाग, होमगार्ड, शासकीय प्रतिष्ठानों के सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य विभागों के ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जिन्हे शासन के शस्त्र प्रदत्त किऐ गए है। के साथ साथ उम्मीदवारों की सुरक्षा हेतु लगाऐं गये पुलिस कर्मियों एवं अन्य शासकीय बलों बैंक गार्डो तथा किसी धार्मिक एवं कानून एवं परम्परा के अन्तर्गत अस्त्र शस्त्र धारित किए जाने वाले व्यक्तियों पर प्रभावशील नही होगा फलतः इन्हे शस्त्र रखने हेतु पृथक से अनुमति की आवश्यकता नही होगी। लेकिन ऐसे व्यक्ति भी घर कार्य स्थल/ड्यूटी को छोड़कर अनावश्यक रूप से शस्त्र का धारण व प्रदर्षन नही कर सकेगे। उक्त के अतिरिक्त यदि राजगढ़ जिले में स्थित सार्वजनिक/निजी प्रतिष्ठान को सुरक्षा हेतु शस्त्रधारक सुरक्षा बल की आवश्यकता है तो उन्हे कारण दर्षित करते हुए इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 120 में अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुक्रम में शस्त्र धारकों को शस्त्र रखने की अनुमति प्रदान किऐ जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा। ऐसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारक जो राजगढ़ जिले से बाहर पंजीकृत है वहां से भी अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र किए वितरित

**रायसेन।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय करने के लिए राशि वितरित की गई तथा कक्षा 12वी में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों तथा 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले अनुसूचित जाति-जन जाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रमाण प्रत्र प्रदान किए गए। इन छात्र-छात्राओं को लेपटॉप की राशि 25 हजार रूपए खातों में हस्थानांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियो से संवाद भी किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीसी कक्ष में कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव, सीईओ जिला पंचायत श्री पीसी शर्मा तथा विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री जयप्रकाश किरार, कलेक्टर श्री भार्गव तथा सीईओ जिला पंचायत श्री शर्मा द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियो प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल राठौरिया, डीपीसी श्री विजय नेमा सहित प्रतिभाशाली विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नई सोच

आज मोबाइल कंपनी की ओर से नोटिस आई तो सुशांत के होंश उड़ गए। कुछ लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई थी की एक नंबर से बार-बार कॉल आ रहे है ओर उठाने पर एक औरत मादक आवाज़ में कुछ अजीब बातें करती है ओर नाम पता पूछने पर अपने आप फोन काट देती है। और इन्क्वायरी में जिस नंबर का ज़िक्र था वो सुशांत की माँ का नंबर था। सुशांत शर्म के मारे और कुछ गुस्से के मारे खिसीयाना हो गया। माँ से पूछे भी तो कैसे, क्या ये सच होगा ? माँ एसा कर सकती है, या मोबाइल कंपनी वालों की कोई गलतफहमी है। सुशांत असमंजस में था। पर पूछना तो पड़ेगा। सुशांत ने अपनी पत्नी रिया को डरते और झिझकते हुए सारी बात बताई। रिया मनोचिकित्सक थी ओर समझदार भी। सुशांत को निश्चिंत रहने को कहा और बोला की मुझपर छोड़ दो माँ के साथ मैं बात करके देखती हूँ। दूसरे दिन शाम को रिया कुसुम को घुमने के बहाने बाहर ले गई और बातों-बातों में बड़े प्यार से अपनी सहेली की कहानी बताकर मोबाइल कंपनी से आई जाँच वाली बात बताई और पूछा माँ आपको क्या लगता है क्या मेरी दोस्त की माँ एसा कर सकती है? सुनते ही कुसुम गुस्से से आगबबूला हो गई। क्यूँ नहीं कर सकती इंसान कहीं तो अपने दिल में दबे अहसासों को ज़ाहिर करेगा ही ना। पूरी ज़िंदगी जिस चीज़ के लिए तरसा हो वो और क्या करेगा। हर दिल में अरमाँ होते है कोई प्यार से बातें करने वाला हो। ना की स्त्री को सिर्फ़ कामपूर्ति का साधन समझ कर हवस पूर्ति करके एक साधन समझकर छोड़ दें। रिया समझ गई कई बार सुशांत ने अपने पापा के बारे में कुछ एसी बातें रिया को बताई थी। जो इंसान बच्चों की भावनाओं को भी ना समझा हो वो पत्नी के अहसासों भी नहीं समझा होगा। सुशांत के पापा को गुज़रे सात साल हो चुके थे। कुसुम हंमेशा तरसती रही की आनंद उससे दो प्यार भरी बातें करे, कभी कोई शाम गुज़ारे दरिया के साहिल पर बैठे, कभी कहीं घुमाने ले जाएँ और अंतरंग पलों में भी पहले संवाद साधे, बहलाए ना की वासना का शमन करने भर का रिश्ता रखें। कुसुम चंचल ज़िंदादिल और बातूनी है पर आनंद ने कभी उसकी भावनाओं को नहीं समझा था। तो रिया समझ गई की बस उस ख़लिश ने दिल में विकृत स्वरूप ले लिया था। रिया ने बातों ही बातों में कुछ दिनों में कुसुम से सब उगलवा लिया ओर सुशांत को सब बताया। सुशांत गुस्सा हो गया बोला हद है अब पापा का स्वभाव एसा था तो क्या ये सब करना उसे इस उम्र में शोभा देता है। रिया माँ पागल हो गई है ? रिया ने बोला नहीं सुशांत माँ मानसिक तौर पर बीमार नहीं है। रूह के भीतर कहीं किसी कोने में दबी हुई, मरी हुई इच्छाओं के दमन ने सर उठाया है। रिया ने कहा सुशांत बुरा ना मानों तो एक बात कहूँ ? सुशांत ने हाँ में सर हिलाया तो रिया बोली माँ की दूसरी शादी करवा देते है।सुशांत का हाथ उठ गया, पर रुक गया और इतना ही बोला मन करता है तुम दोनों सास-बहु को पागलखाने भेज दूँ तुम सबका दिमाग खराब हो गया है। रिया ने सुशांत को शांत करके समझाते हुए कहा देखो सुशांत मेरे अस्पताल में एसे बहुत केस आते है अगर इसका इलाज ना किया जाए तो पागलपन की हद तक उनकी हरकतें पहूँच जाती है। माँ ने ज़िंदगी भर पापा की बेरुखी सही है, प्यार को तरसती है, उनका मन नाजुक है। दिल में दबी आस को वाचा मिलेगी तो सब ठीक हो जाएगा। हम दोनों अपनी ज़िंदगी ओर काम में व्यस्त है माँ को सहारे की जरूरत है। एक एसे इंसान की जो उसे समझे, प्यार दे, बातें करे, समय दे और उसमें बुराई क्या है उम्र के इस पड़ाव पर ही इंसान को इन सब चीज़ों की ज़्यादा जरुरत होती है। अब सुशांत के गले बात उतर रही थी उसने भी सोचा की रिया की बात सोचने लायक है माँ को कई बार गुमसुम बैठे देखा है। हम तो अपनी ज़िंदगी में इतने उलझे है की समय ही नहीं दे पाते। माँ को भी उनकी अपनी ज़िंदगी अपने तरीके से जिनेक पूरा हक है। फिर भी रिया लोग क्या सोचेंगे, समाज ये परिवर्तन स्वीकार करेगा की एक बेटे-बहु ने माँ की शादी करवाई ? रिया ने कहा सुशांत हमें समाज से ज़्यादा हमारे अपनों कि फ़िक्र होनी चाहिए जब हम अपनाएँगे तो समाज भी धीरे-धीरे अपना लेगा। माँ कि खुशी और ज़िंदगी का सवाल है माँ ने हमें सबकुछ दिया है अब उनकी खुशियों का ख़याल रखना हमारा फ़र्ज़ है । बस फिर क्या था सुशांत ओर रिया ने आनलाइन खोजबीन शुरू कर दी कोई अच्छा सा समझदार ओर जो माँ की तरह ही अकेला हो एसे इंसान की। ओर कुछ दिन में बहुत सारे प्रतिभाव भी मिले, उनमें से एक रिटायर शिक्षक श्रीमान अमर तिवारी रिया और सुशांत को अच्छे लगे। दोनों उनसे मिले बात चित की अमर तिवारी जी ने शादी नहीं की थी अकेले ही थे और अब इस उम्र में वो भी किसी अपने का साथ ढूँढ रहे थे। तो बस सब तय करके रिया और सुशांत ने अब कुसुम से बात की। पहले तो कुसुम ने साफ़ मना कर दिया ये कहकर की मुझे अब किसी से कोई उम्मीद नहीं बहुत सह चुकी, जिसे ज़िंदगी समझा उसी ने मुझे नहीं समझा तो अब और कोई मुझे क्या समझेगा? पर रिया ओर सुशांत ने जब अमर तिवारी ओर कुसुम की मुलाकात करवाई तो दोनों को लगा की शायद अब दोनों की तलाश खतम हुई। अपने ने अपने को पहचान लिया और स्टैम्प पेपर पे हस्ताक्षर करके अदालत में बाकायदा शादी कर ली। आज सब खुश है कुसुम और अमर तिवारी मानों सालों से एक दूसरे को जानते हो एसे घुल-मिल गए है। माँ के चेहरे पर सालों बाद हंसी ओर रौनक देखकर सुशांत को एक संतोष मिल रहा है। नई सोच अपनाकर परिवर्तन के साथ कदम मिलाते अपनी माँ को नई ज़िंदगी देने का।।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु) भावु**

## दिल की फितरत

कभी सोचा न था कि
जीवन में ये मुकाम भी आएगा
जिसे समझा था अपना वो
अजनबी नजर आएगा।
मेरी सोच ही थी कुछ गलत
जो नजर आयी उनकी असलियत
शायद उनके अनुसार जीने की
न थी मुझमे सहूलियत।
उन्हें पा कर मैं
खुद को भूल बैठी थी
ये भी न सोचा की
क्या मैं ऐसी थी।



कैसे कटेगी जीवन की
ये मुश्किल राहें
जो साथ में न होंगी तुम्हारी
मजबूत बांहे।
ये जीवन यूँ हो जायेगा वीरान
जैसे रात में चिखता हुआ श्मशान।
जैसे रेगिस्तान में तपती हुई रेत।
जैसे बिन पानी के सुखता हुआ खेत।
मौसम बदलते है,
ये उनकी है किस्मत
ये दिल नही बदलता
ये दिल की है फितरत।

**नीरजा बसंती, शिक्षिका व कवयित्री**
**रूस्तमपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश**

## आत्मचिंतन

माँ की दवाई का खर्चा,
उसे मज़बूरी लगता है।
उसे सिगरेट का धुंआ,
जरुरी लगता है ।।
फिजूल में घूमता ,
दोस्तों के साथ इधर-उधर।
बगल के कमरे में माँ से मिलना,
मीलों की दुरी लगती है।।
वो घंटों लगा रहता है फेसबुक पे,
अजनबियों से बतियाने में।
अब माँ का हाल जानना,
उसे बुरा लगता है।।
खून की कमी से मरती,



बेबस लाचार माँ।
वो दोस्तों के लिए,
शराब की बोतल पूरी रखता है।।
वो बड़ी कार में घूमता है ,
लोग उसे रईस कहते है।
पर बड़े मकान में,
माँ के लिए जगह थोड़ी रखता है।।
माँ के चरण देखे,
एक अरसा बीता उसका।
अब उसे बीवी का दर,
श्रद्धा सबुरी लगता है।।

**रचनाकार- ठाकराराम प्रजापत**
**अध्यापक- रा.उ.मा.वि.**
**भीमरलाई गांव, पंस-बालोतरा,**
**जिला-बाड़मेर, राजस्थान।**

## दिल की किताब



मेरे दिल की किताब में
मैंने तुझे सजाया।
मेरी हर याद में
मैंने तुझे बसाया।
मेरी हर फरियाद में
बस तेरा नाम आया।
दिन में रात में
तेरा ख्याल आया।
धूप में बरसात में
सामने तुझे पाया।
ख़ुशी में गम में
तूने साथ निभाया।
अब मेरी ज़िन्दगी में
मैंने तुझे हमसफ़र बनाया।

**आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता**
**छैलाराम**
**मेघवाल मेलाणा जोधपुर**
**राजस्थान।**

# ऐसे तो संविधान ख़त्म हो जाएगा!

राष्ट्र के संपूर्ण कार्यों का क्रियान्वयन उस राष्ट्र के संविधान में ही निहित होता है। संविधान को किसी भी लोकतांत्रिक देश की रीड की हड्डी कहा जा सकता है। ऐसे में यदि संविधान को ख़तरा होता है तो वह पूरे लोकतांत्रिक देश के लिए ख़तरा साबित हो सकता है। आज भारत के संविधान की स्थिति एक ढ़हते हुए मकान की तरह हो गई हैं । आज संविधान को इस तरह बना दिया कि ये उपर-उपर से तो हरा भरा दिख रहा है लेकिन अंदर से खोखला होता हुआ नज़र आ रहा है। भारत के संविधान को भारतीय राजनीति अपने हिसाब से उपयोग करने में लगी हुई है, जब चाहे तब संविधान की मर्यादा को तार तार कर दिया जाता है। संविधान पंथनिरपेक्ष अथवा धर्म निरपेक्ष की बात कहता है तो भारतीय राजनीति धर्म के नाम पर ही लोगों को गुमराह करने में लग जाती है। जिन नेताओं को संविधान की प्रस्तावना की भी जानकारी नहीं है वो नेता संविधान पर बेबुनियाद आरोप लगा देते हैं। परिस्तिथियों के अनुसार बदलाव भी ज़रूरी है लेकिन संविधान की अवहेलना कहाँ तक उचित है। ये वही संविधान है जिसके दम से हम भारत के लोग हैं उद्घोषित होता है। भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने वाला संविधान आज कुछ अल्प बुद्धिजीवियों के सम्पर्क में आकर अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहा है। आज भी स्वतंत्र भारत में धर्म के नाम



पर लोगों को राजनीति ने गुमराह करके रखा है, उन तक संविधान को पहुंचने ही नहीं दिया जा रहा है। संविधान जहां सबको समानता का अधिकार देता है वही आज की व्यवस्था ने अपने विशेष वर्ग को सबसे उपर रखा हुआ है। बहुत जगह चर्चा अथवा बहस होती है कि आरक्षण देश को बर्बाद कर रहा है लेकिन यथार्थ में तो आरक्षण देश के उच्च स्तरीय पदों तक पहुंच ही नहीं पाता है, वहाँ पर तो नेपोटिज्म ( भाई-भतीजावाद) पहले से अपनी नींव मजबूत करके बैठा है। आज संविधान पर हर ओर से प्रतिघात नज़र आता है क्योंकि कुछ विशेष व्यवस्थायें अपनी अपनी व्यवस्था का प्रबंध करना चाहती हैं। विशाल संविधान के आवरण को देखे तो लगता है संविधान निर्माताओं ने कितनी सटीकता से इसका निर्माण किया है कि गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपने हक की आवाज़ उठा सकता है लेकिन आज की व्यवस्था को उस आवाज़ से परेशानियों होने लगी है क्योंकि उनकी सच्चाई आम नागरिक भी जानने लगा है जो उनके लिए कदापि उचित नहीं है। इसलिए कुछ लोगों को संविधान से परहेज़ होने लगा है, लेकिन उनको ये भी समझना चाहिए कि संविधान के द्वारा ही देश आज नए चमकते सितारों से परिचित हो पा रहा है, आम व्यक्ति की आवाज़ संविधान के द्वारा ही उठाई जाती हैं। यदि संविधान को भारत से हटा दिया जाता है तो भारत पर एक विशेष वर्ग का स्वामित्व हो जाएगा जो अंग्रेज सरकार से भी खतरनाक साबित होगा। ख़तरे के कगार पर संविधान को बचाने के लिए प्रत्येक भारतीय को एक होना पड़ेगा क्योंकि संविधान के बिना देश की कल्पना करना भी व्यर्थ है। धर्म, मजहब अथवा जाति विशेष को छोड़कर संविधान की अस्मिता बचाना प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। देश में जब लोकतंत्र होता है तब संविधान ही वो शक्तियाँ प्रदान करवाता है जिससे आम आदमी भी अपने अधिकार अथवा हक के लिए आवाज उठा सके। लेकिन विडंबना की बात है कि कुछ केवल अपने धर्म, मजहब अथवा अपनी विचारधारा के लिए देश के रीड पर ही प्रहार करने लग जाते हैं। संविधान को किसी विशेष धर्म, भाषा, संस्कृति, मजहब अथवा संप्रदाय के लिए नहीं अपितु अपने देश के लिए बचाना होगा।

**कवि दशरथ प्रजापत**
**पथमेड़ा, जालोर (राजस्थान)**

## मायानगरी तेरी महिमा न्यारी

जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं या सभी एक ही थाली के चट्टे बट्टे
जी हाँ हम बात मायानगरी मुंबई की कर रहे हैं
जहाँ इतना बड़ा नाम, बड़े बड़े घर, करोड़ो की कमाई
फिर भी नाम बदनाम
कभी कास्टिंग काउच को लेकर यौन शोषण
कभी भाई भतीजावाद
कभी गुटबाज़ी
कभी पक्षपात
कभी आरोप प्रतिरोप
निर्देशक हो या निर्माता
अभिनेता हो या अभिनेत्री
गायक हो या संगीतकार
कोई भी बच नहीं पाया
ये लोग नए नए फैशन ट्रेन्ड
के लिए जितने मशहूर होते हैं
उतने ही लेट नाईट पार्टीज़
डांस, शराब , सिगरेट और
अब ड्रग्स भी



क्या ऐसे लोगों के लिए लोग पागलों की हद तक दीवाने होते हैं, एक झलक भर पाने के लिए घंटों घंटों इनके शूटिंग सेट या बंगलों के आगे खड़े रहते हैं
कोई इनकी तसवीरें एकत्र करता है
तो कोई इन्हें अपना आइडियल मान भगवान की तरह पूजता है
इनकी हर फिल्म , हर विज्ञापन , हर बात को सिर आँखों पर रखता है
और बदले में क्या ये उनके प्यार की थाली में उन्हें मायूसी
नहीं परोस रहे
क्या ये नाम, चकाचौंध सिर्फ
एक अंधेरी गुमनाम गली नहीं
जहां कोई कब कैसे खो जाता है पता भी नहीं चलता
फिर क्यों आखिर क्यों कोई
इनका इतना दीवाना हो
इनको इतना चाहे , सराहे
जबकि सब एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं कोई कम तो कोई ज़्यादा।
ये खुद को तो छलते ही हैं दोहरे चेहरे लगा साथ ही लोगों के प्यार, उनकी भावनाओं को भी
तोड़ते हैं सिर्फ अपना नाम बनाने को।
अच्छा हो समय रहते ही
लोग खुद को इस मायाजाल
से दूर कर ले क्योंकि यहाँ सिर्फ नाम ही बड़े हैं
बाकी सब छोटा, काला और
धुंधला जो इनकी चकाचौंध
से बस परतों में छुप जाता है।।

**...मीनाक्षी सुकुमारन**
**नोएडा**

## मां मुझको जन्म लेने दो



मां मुझको आज जन्म लेने दो,
खुली हवा में खुलकर जीने दो।
आज भ्रूण हत्या से बचा मुझे,
गर्भ के बाहर मुझको आने दो।।
मैं कल्पना बन अंतरिक्ष को जाऊंगी,
प्रतिभा ताई बन मैं देश को चलाऊंगी।
मत मार मुझे कोख में मां,
मैं पढ़ लिख बापू की पहचान बनाऊंगी।।
भैया संग स्कूल को जाऊंगी,
घर के कामों में हाथ बटाऊंगी।
बाबुल के आगन में चहकने वाली मैं,
दुल्हन लिबास ओढ़े ससुराल को जाऊंगी।।
दो परिवारों कि सम्मान मैं बेटी,
मुझको भी तुम अच्छी शिक्षा देना।
जमाना क्या कहता, परवाह नहीं मुझको,
मुझे तो बस तेरे ममता तले है रहना।।
मत मारो मुझको मां,
दो जीने का अधिकार।
तू भी तो एक बेटी थी,
जन्म दे मुझे कर उपकार।।
मां मुझे आज जन्म लेने दो,
अपने सपने को मुझे छू लेने दो।।
चलूंगी तेरे पद चिन्हों पर,
बस मुझे आज जन्म ले लेने दो।।

**अंकुर सिंह**
**चंदवक, जौनपुर, उत्तर प्रदेश**

# नदियों को बांधने की कीमत

बिहार की बागमती नदी से बाढ़-सुरक्षा दिलाने की बात एक बार फिर चर्चा में है। यह नदी काठमांडू से करीब 16 किलोमीटर उत्तर-पूर्व शिवपुरी पर्वतमाला से निकलकर 195 किलोमीटर की यात्रा करती हुई सीतामढ़ी जिले के ढेंग नामक स्थान में भारत में दाखिल होती है। यहां से यह 394 किलोमीटर की यात्रा करती हुई बद्लाघाट (खगड़िया) में कोसी में मिल जाती है। अपनी उपजाऊ सिल्ट (गाद) और सदानीरा स्वरूप के कारण यह नदी पवित्र मानी जाती है। हालांकि, उत्तर बिहार की अन्य नदियों की तरह अपनी धारा बदलने के लिए यह भी कुख्यात है। सन 1750 से 1983 तक इसकी धारा में 11 बार परिवर्तन के रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। धारा-परिवर्तन का सीधा संबंध बाढ़ से है और बाढ़ नदी क्षेत्र में बसने वाले लोगों की जीवनचर्या का अभिन्न अंग है। गाद से होने वाले लाभ और पानी की प्रचुरता ने हमारे पूर्वजों को बाढ़ क्षेत्र में बसने के लिए प्रेरित किया होगा। यह सौदा हमेशा फायदेमंद रहा है। बहरहाल, आजादी के काफी पहले से कोसी नदी की बाढ़ चर्चा में थी और उस समय बाढ़ से बचने का एक ही सहज उपाय था, तटबंधों का निर्माण। बांध बन जाने से नदी की पेटी का ऊपर उठना, सुरक्षित क्षेत्र में जल-जमाव, तटबंधों को ऊंचा करते रहने की मजबूरी और उनका टूटना सामान्य घटनाएं हैं। अंगरेज सरकार ने कोसी को नियंत्रित करने के लिए मनसूबे बांधे, मगर किया कुछ नहीं, क्योंकि वह जानती थी कि उसकी आमदनी के लिहाज से यह घाटे का सौदा है। दामोदर नदी को बांधकर धोखा खाने के बाद उसने 1860 के दशक में ही बांधों से तौबा कर ली थी। देश आजाद हो जाने के बाद हमारी सरकार ने कुछ अलग करने की नीयत से नदियों के किनारे तटबंध बनाने शुरू किए और जाहिर था, यह काम कोसी से शुरू किया जाता। सन 1955 से कोसी पर तटबंधों का निर्माण कार्य शुरू हुआ। बिहार में कोसी के तटबंधों का काम जब शुरू हुआ, तभी यह लगभग तय हो गया था कि गंडक परियोजना में भी हाथ लग जाएगा। इन दोनों ही नदियों के साथ-साथ अन्य नदियों के इलाके की जनता और उनके नेताओं में भी कुछ कर गुजरने का भाव जगा। कोसी व गंडक को लेकर तो पहले से भी कुछ तैयारी थी, मगर बागमती या कमला, बूढ़ी



गंडक जैसी नदियों के हिस्से में सिर्फ बातें थीं। इन क्षेत्रों के लोगों ने अपने-अपने नेताओं पर दबाव डाला और वे मुखर भी हुए। नतीजतन, इन नदियों से बाढ़-सुरक्षा की भी बात चली। लेकिन उस वक्त तक इंजीनियरों का मत था कि धारा बदलने वाली अस्थिर नदी पर तटबंध बनाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे परेशानियां बढ़ जाती हैं। यह बात अलग है कि कोसी जैसी अस्थिर नदी पर भी बांध बनाए ही जा रहे थे। अब वे परेशानियां क्या-क्या हैं, उन्हें हम सभी भोग चुके हैं। बागमती एक अस्थिर नदी है, पर उसकी काट खोज ली गई कि यह नदी निचले छोर पर स्थिर है और हायाघाट से लेकर इसके कोसी से संगम तक तटबंध बनाए जा सकते हैं, और वे1950 के दशक में बन भी गए। लेकिन उसके साथ यह भी कहा गया कि हायाघाट के प्रति-प्रवाह में बागमती स्थिर नहीं है, इसलिए हायाघाट और ढेंग के बीच तटबंध नहीं बनाए जाने चाहिए। लेकिन इस अस्थिर भाग में भी ढेंग से सीतामढ़ी के रुन्नी सैदपुर तक 1970 के दशक में तटबंध बना दिया गया। तब तर्क यह दिया गया था कि नदी का बीच का भाग, जो रुन्नी सैदपुर से लेकर हायाघाट तक का क्षेत्र है, एक तश्तरी जैसा है और उसी इलाके में नदी अस्थिर है। इसलिए उसको खुला छोड़ देना चाहिए, ऊपर वाले क्षेत्र में बांध बनाना चाहिए। और वह स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद 1975 तक आते-आते तैयार भी कर दिया गया। वर्ष 2007 की राज्यव्यापी बाढ़ ने बागमती के बीच वाले हिस्से पर तटबंध बनाने की चाहत को नए सिरे से हवा दी। अब इस इलाके की, जहां नदी तकनीकी तौर पर अस्थिर मानी जाती थी, प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है और स्थानीय लोगों की इच्छा के विरुद्ध यह कोशिश हो रही है कि इस हिस्से में भी नदी को घेर लिया जाए। स्थानीय जनता इन तटबंधों के खिलाफ है। अव्वल तो यह क्षेत्र एक तश्तरी की तरह है, फिर तटबंध की ऊंचाई यहां ज्यादा होगी, क्योंकि जमीन नीची है। यह बांध पानी की निकासी में बाधा डालेगा और बरसात में जो पानी यहां जमा होगा, वह नदी में जाएगा ही नहीं। नतीजतन, इस तश्तरी में अटका पानी या तो हवा में भाप बनकर उड़ेगा या धरती में रिस-रिसकर समाप्त होगा। इसका खेती पर भी बुरा असर पड़ेगा। फिर तटबंध टूटेगा नहीं, इसकी गारंटी कौन लेगा? सरकारी रिकॉर्डों के हिसाब से ही बागमती नदी के तटबंध 1987 से 2010 के बीच 58 बार टूटे हैं। इतना ही नहीं, जो तटबंध अब बनने जा रहा है, उसके बीच में मुजफ्फरपुर जिले के कटरा व गायघाट प्रखंड, समस्तीपुर जिले का कल्याणपुर प्रखंड और दरभंगा जिले के सिंघवारा, हनुमाननगर, बहादुरपुर व हायाघाट प्रखंडों के 109 गांव आएंगे। उनका क्या हश्र होगा, यह किसी से छिपा नहीं है, खासतौर से यह देखते हुए कि हायाघाट से बद्लाघाट तक बांध-निर्माण की वजह से विस्थापित लोगों के पुनर्वास का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। ढेंग से रुन्नी सैदपुर तक जो 94 गांव तटबंधों के बीच फंसे थे, उन सबका पुनर्वास भी अब तक पूरा नहीं हुआ है। आम जनता को बाढ़ से सुरक्षा चाहिए, लेकिन वह मिल सकेगी और उसके लिए क्या कीमत चुकानी होगी, इस पर विचार जरूरी है। नदियों को स्थिर होने में सदियां गुजर जाती हैं। फिर, हम उन बूढ़े-बुजुर्गों को क्या कहेंगे, जो कहते नहीं थकते कि पहले पानी आता था और चला जाता था। बाढ़ ढाई दिनों की होती थी, जिससे ताजा मिट्टी खेतों में आती थी। मगर अब पानी जाता नहीं है। हायाघाट के रेल पुल से इस साल 14 जुलाई से 20 अगस्त तक रेलगाड़ी बाढ़ के पानी के कारण नहीं चल पाई। यह वही पानी है, जो 109 गांवों के लोगों के ऊपर से गुजरकर वहां पहुंचेगा। साफ है, समस्या पानी की निकासी की है और तटबंध इसे बढ़ाते ही हैं। ऐसे में, यदि एक बार हायाघाट से बद्लाघाट और ढेंग से लेकर रुन्नी सैदपुर तक बनाए गए तटबंधों का मूल्यांकन करके कोई निर्णय लिया जाता, तो बहुत अच्छा होता।

## टूटा तारा इशक़ में...

कोई चमक में...,
कोई झलक में... !
लाखों तारे फलक़ में... !!
हाथ फैलाया...,
हाथ में आया... !
टूटा तारा इशक़ में... !!
प्रेमरस के विभोर में...,
जाग न पाया भोर में... !
अमंगल नींद पलक में... !!
कोई चमक में...,
कोई झलक में... !
लाखों तारे फलक़ में... !!
टिमटिमाता हुआ...,
बरबराती हुई....... !
आ जाए धड़कन की धड़क में.. !!
हाथ फैलाया...,
हाथ में आया... !
टूटा तारा इशक़ में... !!
खुला आकाश में...,
शमां की आभास में... !



गुम है आवाज़
चूड़ियों की खनक़ में... !!
कोई चमक में...,
कोई झलक में... !
लाखों तारे फलक़ में... !!
आकाश का सूनापन...,
और मेरा दीवानापन... !
ले आया गर्दिश भरी
सड़क में... !!
हाथ फैलाया...,
हाथ में आया... !
टूटा तारा इशक़ में.. !!
कोई चमक में...,
कोई झलक में... !
लाखों तारे फलक़ में... !!
स्वरचित एवं मौलिक

**मनोज शाह मानस**
**सुदर्शन पार्क मोती नगर**
**नई दिल्ली**

## औघड़ दानी



भोले बाबा औघड़ दानी, जटा विराजे गंगा रानी ।
नाग गले में डाले घूमे , मस्ती से वह दिनभर झूमे।।
कानों में हैं बिच्छी बाला, हाथ गले में पहने माला।
भूत प्रेत सँग नाचे गाये, नेत्र बंद कर धुनी रमाये।।
द्वार तुम्हारे जो भी आते, खाली हाथ न वापस जाते।
माँगो जो भी वर वह देते, नहीं किसी से कुछ भी लेते।।

**महेन्द्र देवांगन माटी**
**प्रेषक – सुपुत्री प्रिया देवांगन प्रियू**
**पंडरिया**
**छत्तीसगढ़**

## कृषि विधेयकों को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तकरार

देश जानना चाहेगा कि ऐसा किस नियम-परंपरा के तहत किया गया? यह और कुछ नहीं, एक तरह से नियम अपने हाथ में लेकर खुली मनमानी करना है। यदि ऐसे आचरण को स्वीकार किया गया तो फिर सदन और सड़क की राजनीति का अंतर ही खत्म हो जाएगा। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि जिन सांसदों ने सदन की मर्यादा भंग की, वे अपने आचरण पर शर्मिंदा होने के बजाय राज्यसभा के उप सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आए। आखिर इसे संसदीय ढिठाई के अलावा और क्या कहा जा सकता है? यह पहली बार नहीं है जब हद से ज्यादा हंगामा करने वाले सांसदों को निलंबित किया गया हो। ऐसा पहले भी हो चुका है और यहां तक कि उस समय भी जब कांग्रेस सत्ता में थी। तथ्य यह भी है कि एक नहीं, अनेक बार पक्ष-विपक्ष में यह सहमति बन चुकी है कि सदन में अमर्यादित व्यवहार करने वाले सांसद निलंबन के हकदार होंगे। संख्याबल की अपनी कमजोरी को अपने बाहुबल से दूर करने की कोशिश लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने वाला काम है। इस तरह के आचरण से न तो संसद चल सकती है और न ही लोकतंत्र। लोकतंत्र नियमों से चलता है, न कि उनकी खुली अवहेलना से। निलंबित सांसदों ने यही किया। यदि हमारे सांसद ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो फिर वे आम जनता से यह अपेक्षा कैसे कर सकते हैं कि वह नियमसम्मत व्यवहार करे?

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# ड्रग्स मामले में नाम आने पर दीया मिर्जा की सफाई, कहा मैंने कभी नहीं लिया ड्रग्स



अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत सुसाइड केस में ड्रग्स एंगल सामने आने के बाद बॉलीवुड में हर दिन किसी न किसी सेलिब्रेटी का नाम सामने आ रहा हैं। दीपिका पादुकोण, विक्की कौशल, करण जौहर के बाद अब इस मामले में अभिनेत्री दीया मिर्जा का भी नाम सामने आया है। ड्रग्स मामले में दीया मिर्जा का नाम सामने आने के बाद अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया है। अपने इस पोस्ट में दीया ने ड्रग मामले में अपना नाम आने पर प्रतिक्रिया देते हुए इन आरोपों को गलत ठहराया है। दीया ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा-'मैंने जिंदगी में कभी ड्रग नहीं ली है। जो भी खबरें चल रही हैं, वे पूरी तरह से झूठी है। इसके आधार पर मेरी छवि खराब करने की कोशिश हो रही है। मैं इस खबर को सिरे से खारिज करती हूं। क्योंकि यह गलत, निराधार और गलत इरादों के साथ किया जा रहा है। इस तरह की तुच्छ रिपोर्टिंग से मेरी प्रतिष्ठा पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। मेरे करियर को नुकसान पहुंच रहा है, जो मैंने सालों की मेहनत से बनाया है। मैंने अपने जीवन में न तो कभी ड्रग्स खरीदा है और न ही इसका सेवन किया है। मैं कानूनी रास्ता अपनाऊंगी। मेरे साथ खड़े लोगों का धन्यवाद। ड्रग्स मामले में दीया मिर्जा का नाम सामने आने के बाद जहां कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं,वहीं कुछ लोग दीया के समर्थन में भी है। दीया का नाम इस मामले में सामने आने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) उन्हें पूछताछ के लिए समन भेज सकती है।

# ऋचा चड्डा के बाद हुमा कुरैशी ने भी पायल के आरोपों को बताया गलत, अनुराग कश्यप का किया समर्थन



**अभिनेत्री पायल घोष ने हाल ही में फिल्ममेकर अनुराग कश्यप पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने कई अभिनेत्रियों के साथ अनुराग के संबंध होने का भी दावा किया है।**



यहीं नहीं पायल ने कुछ हीरोइनों का नाम लेते हुए कहा कि उनके सम्बन्ध अनुराग कश्यप के साथ थे। इस मामले में अभिनेत्री ऋचा चड्ढा का भी नाम आया था। जिसके बाद ऋचा इस पर लीगल एक्शन लेने की तैयारी में हैं और उन्होंने एक आधिकारिक बयान भी जारी किया था। वहीं अब अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने भी पायल के आरोपों को गलत बताया है। दरअसल पायल ने जिन लोगों का नाम लेते हुए उनके अनुराग के साथ सम्बन्ध होने का दावा किया है उनमें से एक नाम हुमा कुरैशी का भी है। हुमा कुरैशी ने पायल के इन आरोपों को गलत बताते हुए ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर अनुराग का समर्थन किया है। अपने इस पोस्ट में हुमा ने लिखा-'मैंने और अनुराग ने 2012-13 में साथ काम किया था। वह अच्छे दोस्त और अनुभवी डायरेक्टर हैं। मेरे व्यक्तिगत अनुभव और मेरी जानकारी में उन्होंने मुझसे या किसी और के साथ कभी कोई गलत व्यवहार नहीं किया। हालांकि जो भी ये दावा करता है कि उसके साथ गलत हुआ उसे अथॉरिटीज, पुलिस और न्यायालय में रिपोर्ट करनी चाहिए। मैंने अब तक कॉमेंट नहीं किया क्योंकि मैं सोशल मीडिया के झगड़ों और मीडिया ट्रायल्स में यकीन नहीं रखती। सोशल मीडिया पर हुमा के इस पोस्ट पर कई सेलिब्रिटी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उनका समर्थन कर रहे हैं। मीटू के आरोपों के बीच घिरे अनुराग कश्यप को बॉलीवुड से कई लोगों का समर्थन मिल रहा हैं।

# यामी गौतम ने किया धमाकेदार डांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम और विक्रांत मेस्सी स्टारर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का पहला गाना 'लोल' रिलीज हो गया है। सोनी म्यूजिक इंडिया ने इस गाने को रिलीज किया है। यामी गौतम ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। इस गाने को पायल देव ने कंपोज कर देव नेगी के साथ मिलकर स्वरबद्ध भी किया है। इस मजेदार सॉन्ग को कुणाल वर्मा ने लिखा है। इस गाने के टाइटल से ही पता चलता है कि यह बहुत ही मजेदार गाना होगा। सौंदर्य प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को विनोद बच्चन ने बनाया है। फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' में गिन्नी (यामी गौतम) की शादी सनी (विक्रांत मैसी) से होने वाली होती है। इस दौरान लव, लाइफ, शादी और म्यूजिक के बीच कई बाधाएं आती हैं। यह फिल्म पुनीत खन्ना के निर्देशन में बनी है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज की आएगी।

# रसिका जुटी 'आउट ऑफ लव' की तैयारी में



अभिनेत्री रसिका दुग्गल जल्द ही तमिलनाडु के कुन्नूर के लिए रवाना होने वाली हैं। दरअसल, यहां वह अपने हिट वेब सीरीज 'आउट ऑफ लव' के दूसरे सीजन की शूटिंग करेंगी। इस शो के पहले सीजन में वह एक डॉक्टर मीरा कपूर के किरदार में थीं, जो अपनी जिंदगी में पहले तो काफी खुश दिखाई पड़ती है, लेकिन आगे चलकर उसे अपने पति की बेवफाई का पता चलता है। वहीं, अब शो के दूसरे सीजन में यह दिखाया जाएगा कि किस तरह से मीरा एक सिंगल पेरेंट के रूप में अपनी जिंदगी में आगे बढ़ती है। इसके बारे में उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसे किरदार को निभाने के लिए काफी उत्साहित हूं जिसके साथ कहानी आगे बढ़ती है और इसके अलावा एक लंबे शूटिंग शेड्यूल के प्रतिबद्धता व दृढ़ता का अनुभव करने के लिए भी बेहद रोमांचित हूं, जहां शो के लगभग हर फ्रेम में आप मौजूद रहते हैं।

# टाइम मैगजीन-2020 के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में आयुष्मान खुराना को भी मिली जगह, फैंस के साथ बांटी खुशी



**हिट फिल्मों की गारंटी बन चुके अभिनेता आयुष्मान खुराना के हाथ एक और बड़ी उपलब्धि लगी है। टाइम मैगजीन के एक सर्वे के अनुसार आयुष्मान दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शुमार हो चुके हैं। आयुष्मान खुराना को टाइम 100 की सबसे प्रभावशाली लोगों की 2020 की सूची में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी खुद आयुष्मान ने इंस्टग्राम पर पोस्ट शेयर कर दी।**

आयुष्मान ने अपनी टाइम मैगजीन वाली तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा-'दुनिया के 100 सबसे प्रभावी लोगों की लिस्ट टाइम्स ने जारी कर दी है और मैं इस समूह का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। आयुष्मान खुराना इस साल टाइम 100 की लिस्ट में शामिल होने वाले अकेले भारतीय व युवा अभिनेता हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए फैंस के साथ -साथ मनोरंजन जगत से जुड़ी कई हस्तियां उन्हें बधाई दे रही हैं। आयुष्मान खुराना के अलावा इस लिस्ट में मिचैला कोल, डैपर डैन, जैनिफर हडसन, यो यो मा और अली वॉन्ग जैसे कलाकारों के नाम भी शामिल हैं। वहीं आयुष्मान खुराना का टाइम 100 लिस्ट में शामिल होना,न सिर्फ आयुष्मान बल्कि बॉलीवुड के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

# उर्मिला ने अपने समर्थकों का जताया आभार



अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने अपने समर्थकों का अभार जताया है। दरअसल, कंगना रनौत ने उर्मिला पर 'सॉफ्ट पॉर्न स्टार' कहकर तंज कसा था। इस दौरान उनके समर्थन में काफी लोग आए। अपने ट्वीट में उर्मिला ने अपने समर्थकों को 'द रियल पीपल ऑफ इंडिया' कहकर बुलाया है। अपने सत्यापित अकांउट से ट्वीट करते हुए उर्मिला लिखती कि 'द रियल पीपल ऑफ इंडिया' और मेरे साथ खड़े हुए निष्पक्ष और प्रतिष्ठित मीडिया की दुर्लभ नस्ल को धन्यवाद। यह फर्जी ट्रोल्स और प्रचार पर आपकी जीत है। मैं इससे बेहद ज्यादा अभिभूत और आभारी हूं। हैशटैगजयहिंद। उर्मिला के इस ट्वीट पर भी लोगों ने उन पर जमकर प्यार बरसाया है। एक ने लिखा कि आपकी फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूं। बचपन में 'रंगीला' की यादें आज भी मेरे जेहन में ताजा है। फर्जी मीडिया से आ रही गंदगी से हमेशा बचकर रहना चाहिए क्योंकि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है। मैं सिनेमा में आपके आगामी काम के लिए आपको शुभकामनाएं देता हूं और 90 के दशक में हमारा मनोरंजन करने के लिए शुक्रिया अदा करता हूं। वहीं, एक ने लिखा कि हमें आप पर गर्व है। हमें अपने देश को महान बनाने के लिए आप जैसे लोगों की आवश्यकता है।

# बिहार विधानसभा चुनावः दिवाली से पहले जलेगी लालू की लालटेन या नीतीश

**पटना।** बिहार विधासभा चुनाव 2020 के लिए तारीखों का ऐलान हो गया है। इसके साथ ही राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शुक्रवार को मतदान और मतगणना की तारीखों का ऐलान किया। सीईसी ने बताया कि बिहार में तीन चरणों में वोटिंग होगी। 28 अक्टूबर, 3 और 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 10 नवंबर को मतगणना होगी यानी उस दिन पता चल जाएगा कि 14 नवंबर को कौन पटाखे जलाएगा और किसकी बत्ती गुल रहेगी।

बिहार में दशहरे से दिवाली के बीच लोकतंत्र का पर्व भी मनाया जाएगा। तीन चरणों में वोटिंग के जरिए 7 करोड़ से अधिक मतदाता यह तय करेंगे के कि अगले पांच साल तक बिहार की बागडोर किसके हाथों में होगी। 15 साल से सत्ता में काबिज नीतीश कुमार क्या एक बार फिर जीत हासिल कर पाएंगे या आरजेडी का 15 साल का बनवास खत्म हो पाएगा यह 10 नवंबर को साफ हो जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान करते हुए कहा कि ये चुनाव बेहद असाधारण परिस्थितियों में कराये जा रहे हैं और इन परिस्थितयों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकोल के संबंध में व्यापक इंतजाम किये गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार चुनाव तीन चरणों में होंगे, पहले चरण में 71 विधानसभा क्षेत्रों में मत पड़ेंगे, दूसरे चरण में 94 सीटों के लिए और तीसरे चरण में 78 सीटों पर मतदान होगा। बिहार चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 28 अक्टूबर को होगा, दूसरे चरण का मतदान 3 नवंबर को और तीसरे चरण का 7 नवंबर को होगा। तीनों चरण के लिए मतगणना 10 नवंबर को होगी- चुनाव आयोग। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण क्वारंटाइन में रहने वाले



मतदाता या तो पोस्टल बैलट से मतदान कर सकते हैं या फिर वे अंतिम चरण के चुनाव के दिन अपने अपने मतदान केंद्रों में स्वास्थ्य अधिकारियों की देख रेख में मतदान करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान एक घंटा अधिक यानी शाम छह बजे तक चलेगा, कोविड-19 रोगी आखिरी घंटे में मतदान कर सकते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 7 लाख हैंड सैनिटाइजर, 46 लाख मास्क, 6 लाख पीपीई किट, 6.7 लाख फेस शील्ड और 23 लाख जोड़ी दस्तानों की व्यवस्था कर ली गई है। कोविड-19 के साए में होने जा रहे बिहार चुनाव के दौरान जहां भी जरूरत होगी और आग्रह किया जाएगा, वहां डाक मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

**एनडीए और महागठबंधन के बीच मुकाबला**–बिहार विधानसभा चुनाव में एक तरफ नीतीश कुमार की अगुआई में जेडीयू, बीजेपी, हम जैसे दल हैं तो महागठबंधन की अगुआई लालू यादव के बेटे तेजस्वी संभाले हुए हैं। महागठबंधन में आरजेडी के साथ कांग्रेस है। एनडीए में लोजपा तो महागठबंधन से रालोसपा की खटपट चल रही है। एक तरफ नीतीश अपने 15 साल के कामकाज के आधार पर वोट मांगने जनता के बीच जाएंगे तो अपने पोस्टरों से लालू यादव को हटा चुके तेजस्वी यादव जनता का भरोसा जीतने को पूरा दमखम लगाएंगे। नीतीश कुमार को जहां बीजेपी के संगठन और पीएम मोदी की लोकप्रियता का फायदा मिलने की उम्मीद होगी तो आरजेडी को अपने परंपरागत वोटर्स को मजबूती से जोड़े रखना होगा।

**किसके सामने क्या चुनौती?**–नीतीश कुमार को 15 साल के एंटी-इनकंबेंसी का मुकाबला करना होगा तो तेजस्वी के लिए लालू की अनुपस्थिति में होने जा रहे चुनाव में लोगों का भरोसा जीतना है। उन्हें एक तरफ अपनी पार्टी को एकजुट करना होगा तो दूसरी तरफ गठबंधन सहयोगियों को सीट शेयरिंग में भी साधना होगा। इस बार चुनाव प्रचार भी केवल वुर्चुअल होगा, ऐसे में राजनीतिक दलों को मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने में काफी मशक्कत करनी होगी। इसके लिए एनडीए ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी थी और बिहार में कई वर्चुअल रैलियां हो चुकी हैं। आरजेडी के कोर वोटर्स तकनीक और स्मार्टफोन की दुनिया से दूर माने जाते हैं। ऐसे में पार्टी को घर-घर चुनाव प्रचार पर फोकस करना होगा।

**2015 में किस पार्टी को कितनी सीटें?**–पिछले विधासनभा चुनाव में आरजेडी, जेडीयू और कांग्रेस ने साथ चुनाव लड़ा था, जिसे महागठबंधन का नाम दिया गया था। महागठबंधन का सीधा मुकाबला बीजेपी, एलजेपी और हम गठबंधन के साथ था। चुनाव में 178 सीटों के साथ महागठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की थी तो एनडीए 58 सीटों पर सिमट गया। दलगत देखें तो सबसे अधिक 80 सीटें आरजेडी ने जीतीं तो जेडीयू को 71 और कांग्रेस को 27 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। बीजेपी को 53, एलजेपी और आरएलएसपी को 2-2 और हम को एक सीट पर जीत मिली थी।

# बिहार विधानसभा चुनावों का क्या है पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा के लिए चुनाव कोरोना महामारी के साए के बीच तीन चरणों में 28 अक्टूबर, तीन नवम्बर और और सात नवम्बर को होंगे जबकि मतगणना 10 नवम्बर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बहुप्रतिक्षित बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव बेहद असाधारण परिस्थितियों में कराए जा रहे हैं और इन परिस्थितयों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकोल के संबंध में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की 243 सीटों के लिए चुनाव तीन चरणों में 28 अक्टूबर, तीन नवम्बर और सात नवम्बर को होंगे। तीनों चरणों की मतगणना एक ही दिन दस नवम्बर को होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण क्वारंटाइन में रहने वाले मतदाता या तो पोस्टल बैलट से मतदान कर सकते हैं या फिर वे अंतिम चरण के चुनाव के दिन अपने अपने मतदान केन्द्रों में स्वास्थ्य अधिकारियों की देख रेख में मतदान करेंगे।

**पहला चरण**–अरोड़ा ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना एक अक्टूबर को जारी की जाएगी, नामांकन दायर करने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर होगी जबकि इनकी जांच 9 अक्टूबर को होगी। उम्मीवार 12 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे और मतदान 28 अक्टूबर को होगा। पहले चरण में 16 जिलों में फैली 71 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा जिसके लिए 31 हजार मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।



**दूसरा चरण**–दूसरे चरण की अधिसूचना 9 अक्टूबर को की जायेगी जबकि नामांकन दायर करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर होगी । नामांकन नामांकन पत्रों की जांच 17 अक्टूबर को की जायेगी , नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 19 अक्टूबर होगी तथा तीन नवम्बर को मत डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 17 जिलों की 94 सीटों पर मतदान होगा जिनके लिए 42 हजार मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

**तीसरा चरण**–तीसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जायेगी। नामांकन पत्र 20 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी। उम्मीदवार 23 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे और मत सात नवम्बर को डाले जाएंगे। तीसरे चरण में 15 जिलों की 78 विधानसभा सीटों के लिए मत डाले जायेंगे जिनके लिए 33 हजार 800 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

# जब पत्थरबाजों से बचने के लिए 15 किमी तक ट्रक के पीछे लटके रहे एएसपी

**जयपुर।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले में शिक्षक पदों पर भर्ती को लेकर कांकरी डूंगरी पहाड़ी पर 17 दिन से चल रहे युवाओं के धरने-प्रदर्शन का गुरुवार को उग्र होना पुलिस पर भारी पड़ा। ऊंचाई वाले स्थान पर डटे प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहुंची पुलिस पर इतने पत्थर बरसाए कि पुलिसकर्मियों को अपना बचाव कर पाना मुश्किल हो गया। पथराव में गंभीर रूप से घायल हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणपत महावर को एक ट्रक के पीछे लटक कर जैसे-तैसे वहां से निकलना पड़ा। महावर ने बताया कि जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची हाईवे पर अचानक चारों ओर से पथराव शुरू हो गया। इस दौरान लोगों की भीड़ बहुत ज्यादा थी और पुलिस बल कम। देखते ही देखते पथराव से पुलिस वाले जख्मी होने लगे। पत्थर मुझे भी लगने शुरू हुए। थोड़ी ही देर में मेरे सिर और पैर भी पत्थरों से जख्मी हो गए। मैं उठ भी नहीं पा रहा था। एएसपी ने बताया कि मुझे बचाने के लिए पुलिसकर्मियों ने घेरा बनाया। मेरा गनमैन मेरी ढाल बनकर बचाव करता रहा। मैं एक ट्रक के पीछे लटक गया और करीब 15 किमी तक इसी हाल में एक होटल तक



पहुंचा। चालक को काफी देर तक पता ही नहीं था कि मैं ट्रक के पीछे लटका हूं। जब उसे पता चला तो मैंने थाने तक पहुंचा देने की गुहार की। वह मुझे एक होटल पर ले गया। होटल मालिक ने मुझे अस्पताल पहुंचाया। वहीं, डूंगरपुर में चल रहे आंदोलन को लेकर अब सियासत होने लग गई है। इस मामले पर सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टीएसपी क्षेत्र के आदिवासियों के लिए नियुक्ति की मांग की है। किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि एसटी अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के बजाय सरकार उनका दमन कर रही है। उनके आंदोलन को कुचलने का काम रही है। बेरोजगार आदिवासी लोकतांत्रिक ढंग से धरना दे रहे थे, उन पर बल प्रयोग कर रही है। सरकार को आगे आकर बेरोजगार आदिवासियों से बातचीत करनी चाहिए। यदि सरकार ने रवैया नहीं बदला तो मुझको भी सड़क पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### अरविंद केजरीवाल का अपमानजनक वीडियो अपलोड करने वालों पर होगी एफआईआर,

# कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुख्यमंत्री ने अरविंद केजरीवाल के मॉर्फ्ड वीडियो अपलोड करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस को एक सप्ताह के भीतर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। वकील और कार्यकर्ता अमित साहनी ने पहले केजरीवाल के वीडियो को अपलोड करने और प्रसारित करने के लिए प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए दिल्ली पुलिस से संपर्क किया था, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट किशोर कुमार ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के ठीक एक दिन बाद 12 फरवरी, 2020 को अरविंद केजरीवाल को लेकर जानबूझकर और अनुचित रूप से दिखाए गए एक दुर्भावनापूर्ण और अश्लील सामग्री / गीत को अपलोड करने के लिए अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता और वकील अमित साहनी ने तर्क दिया कि उपरोक्त वीडियो 12 फरवरी, 2020 को अपलोड किया गया था और 11 फरवरी, 2020 को दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित हुआ था। इस वीडियो का एकमात्र उद्देश्य संविधान के निर्वाचित मुख्यमंत्री को अपमानित करना था। जो बच्चों के लिए हानिकारक है, जो यह नहीं समझ सकते हैं कि यह मुख्यमंत्री नहीं है। वीडियो को गलत इरादों से बनाया गया है। साहनी ने तर्क दिया कि गीत के स्वर और तरीके न केवल संवैधानिक रूप से चुने गए मुख्यमंत्री की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि जनता और मतदाताओं को भी अपमानजनक तरीके से संबोधित कर रहे हैं, जिन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल को चुनने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी के लिए मतदान करते समय अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल किया था। यह भी तर्क दिया गया था कि इस वीडियो के अलावा और भी अपमानजनक सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित की जाती है, लेकिन बच्चे जो यह पहचानने में असमर्थ हैं कि ये मॉर्फ्ड वीडियो है, वे मॉर्फ्ड वीडियो के गाने में इस्तेमाल किए गए अश्लील और अपमानजनक शब्दों को सकारात्मक तरीके से ग्रहण करते हैं, जैसे गलत तरीके से दिखाए गए वीडियो में वो अरविंद केजरीवाल ने ही गाए हों। साहनी ने जोर देकर कहा कि केजरीवाल ने वर्तमान कठिन पारंपरिक राजनीति में खुद को स्थापित किया है और विशेष रूप से युवाओं, किशोरों और बच्चों की एक बड़ी संख्या उनके भाषणों का अनुसरण करती है क्योंकि वह एक उत्कृष्ट अकादमिक प्रोफाइल वाले व्यक्ति हैं, जो आईआईटी से पास आउट हैं और भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में आरामदायक नौकरी छोड़कर समाज सेवा के लिए एक राजनेता के रूप में राजनीति में आए हैं। सुनवाई के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि राजनेताओं की आलोचना करना बहुत आसान है, लेकिन राजनीति में होना और विशेष रूप से स्थापित करियर को छोड़ना बेहद मुश्किल है, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री ने राजधानी में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है और इसके साथ ही सभी वर्ग के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वकील और कार्यकर्ता अमित साहनी द्वारा दी गई दलीलों से संतुष्ट होने के बाद कोर्ट ने दिल्ली के पश्चिम विहार (वेस्ट) थाना पुलिस को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के उपयुक्त प्रावधानों के तहत एक एफआईआर दर्ज करने के लिए का निर्देश दिया है।



# दक्षिण कोरियाई नागरिकी की मौत पर उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने मांगी माफी

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई नागरिक की समुद्र में गोली मारकर हत्या किए जाने पर उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने शुक्रवार को माफी मांगते हुए इसे अप्रत्याशित और अपमानजनक घटना करार दिया। सियोल स्थित राषट्रपति ऑफिस की तरफ से यह बात कही गई। उत्तर कोरियाई सैनिकों द्वारा मंगलवार को मत्स्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या की गई। सियोल ने कहा कि उनके शरीर को पानी में रहते हुए ही आग लग गई थी, जाहिरा तौर पर कोरोनावायरस संक्रमण के खिलाफ एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया। पिछले एक दशक में ऐसा पहली बार हुआ है जब दक्षिण कोरिया के किसी नागरिक की हत्या की गई है, जिसके चलते गुस्सा भड़क उठा है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुह हून ने कहा कि कोरोनावायरस के सामने आकर मदद करने की बजाय किम जोंग उन ने गुस्साए राष्ट्रपति मून और दक्षिण कोरियाई लोगों से माफी मांगी। सुह दक्षिण के संबंधों के लिए उत्तर कोरिया की सत्ताधारी पार्टी के विभाग के एक पत्र को पढ़ रहे थे। इसमें लिखा था- इसमें प्योंगयांग ने उस आदमी पर करीब 10 गोलियां चलाने की बात स्वीकार की, जिसने पानी में अवैध रूप से प्रवेश किया था और खुद को ठीक से पहचान बताने से इनकार कर दिया था। सीमा रक्षकों ने निर्देशानुसार उसके ऊपर गोलियां चलाई। सियोल के सैन्य अधिकारियों ने बताया कि पानी में उस शख्स से कई घंटों तक पूछताछ की गई। उसने खुद को दोषी बताया उसके बाद ऊपर से मिले आदेश के बाद उसे मार दिया गया।

# साल के अंत तक कोविड-19 का टीका आने पर बन सकता है इतिहास-व्हाइट हाउस

**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 के टीके के साल के अंत तक आने की उम्मीद है और यदि ऐसा होता है, तो यह किसी भी वायरस के टीके को विकसित करने में लगा सबसे कम समय होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केली मेकनैनी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि टीका साल के अंत तक आ जाएगा। यह हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है और हम इस पर काम कर रहे हैं।

# अमेरिकी चुनावः स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होने पर परिणाम स्वीकार करेंगे ट्रंप- व्हाइट हाउस

**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि यदि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव होते हैं, तो देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चुनाव परिणाम स्वीकार करेंगे।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केली मेकनैनी ने ऐसे समय में यह बयान दिया है, जब राष्ट्रपति ने तीन नवंबर को होने वाले चुनाव में हार मिलने की स्थिति में सत्ता के शांतिपूर्वक हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताने से इनकार करके हाल में विवाद खड़ा दिया है। मेकनैनी ने सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर आश्वासन मांगने संबंधी सवाल के जवाब में कहा, राष्ट्रपति स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के परिणाम स्वीकार करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि यदि आप यह प्रश्न डेमोक्रेटिक पार्टी से पूछे, तो बेहतर होगा, क्योंकि उसके नेता पहले ही कह रहे हैं कि वे चुनाव परिणाम स्वीकार नहीं करेंगे।

मेकनैनी से पत्रकार ने सवाल किया गया था, मैं उस बात का जिक्र कर रहा हूं, जब राष्ट्रपति से यह पूछा गया था कि क्या सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण होगा, तो उन्होंने हां नहीं कहा था, इसलिए मैं अब पूछ रहा हूं कि यदि वह चुनाव हार जाते हैं, तो क्या सत्ता का शांतिपूर्वक हस्तांतरण होगा? प्रेस सचिव ने कहा, दक्षिण कैरोलाइना के डेमोक्रेट नेता जिम क्लिबर्न ने कहा कि ट्रम्प निष्पक्ष चुनाव होने पर जीत नहीं पाएंगे। सीनेटर बारबरा बॉक्सर ने कहा कि ट्रम्प के जीतने का एक मात्र जरिया यह है कि वह उसे चुरा लें। उन्होंने कहा, वाशिंगटन पोस्ट ने शीर्षक दिया था कि ट्रम्प के जीतने पर डेमोक्रेट परिणाम पर संभवतः भरोसा नहीं करेंगे। हिलेरी क्लिंटन ने कहा था कि जो बाइडेन को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए। मेकनैनी ने कहा, राष्ट्रपति स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के परिणाम स्वीकार करेंगे। वह अमेरिकी लोगों की इच्छा स्वीकार करेंगे। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने चुनाव में हार की स्थिति में सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को लेकर प्रतिबद्धता जताते से इनकार कर दिया था और ईमेल या डाक के जरिए मतदान (मेल-इन-बैलेट) को लेकर संदेह व्यक्त करते हुए इसे अनर्थ करार दिया था। व्हाइट हाउस में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में ट्रम्प से सवाल किया गया कि चुनाव में हार मिलने की स्थिति में क्या वह व्हाइट हाउस शांतिपूर्वक छोड़ देंगे? इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत–चीन विवाद सुलझाने में मदद करने की बात दोहराई



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को एक बार फिर से भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करने की पेशकश की है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह मेरी जानकारी में है कि अब चीन और भारत को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुझे उम्मीद है कि दोनों देश इस संकट से बाहर निकलने में सक्षम होंगे। अगर हम मदद कर सकते हैं, तो हम इसे करना पसंद करेंगे। ट्रम्प ने इससे पहले मई में भी भारत और चीन के सीमा विवाद मुद्दे पर मध्यस्ता की बात की थी जिसे बाद में भारत ने ठुकरा दिया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10 सितंबर को लद्दाख क्षेत्र में चल रहे सीमा मुद्दों को हल करने के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में भारत ने नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर उपकरणों से लैस चीनी सैनिकों की बड़े पैमाने पर इकट्ठा होने पर चिंता व्यक्त की। इस बीच, समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी एक खबर में कहा कि सीमा संघर्ष भारत को एक असंयमित प्रतिक्रिया के लिए उकसा रहा है। अखबार ने कहा कि भारत नए जहाजों के निर्माण और तटीय निगरानी चौकियों का नेटवर्क बनाते हुए अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ संयुक्त नौसैनिक युद्धाभ्यास बढ़ा रहा है जो नई दिल्ली को हिंद महासागर के समुद्री यातायात पर नजर रखने में मदद करेगा। भारत और दक्षिण एशिया मामलों के अमेरिकी विशेषज्ञ एशले टेलिस ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने इस संकट में भारत के समर्थन करने में बहुत पारदर्शी रुख अपनाया है।




# एच-1बी नौकरियों के लिए अपने लोगों को प्रशिक्षण देने पर 15 करोड़ डॉलर खर्च करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मध्यम से उच्च दक्षता वाले एच-1बी पदों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। अमेरिका ने कहा है कि वह इस एक श्रमबल प्रशिक्षण कार्यक्रम पर 15 करोड़ डॉलर खर्च करेगा। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र भी शामिल हैं, जिसमें हजारों की संख्या में भारतीय पेशेवर काम करते हैं। एच-1बी गैर-आव्रजक वीजा होता है, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियों को विशेष तकनीकी दक्षता वाले पदों पर विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति होती है। इस वीजा के जरिये प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की नियुक्ति करती हैं। श्रम विभाग ने कहा कि मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी या आईटी, साइबर सुरक्षा, आधुनिक विनिर्माण, परिवहन जैसे क्षेत्रों में एच-1बी एक श्रमबल अनुदान कार्यक्रम का इस्तेमाल किया जाएगा और मौजूदा के साथ नई पीढ़ी के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे भविष्य के लिए श्रमबल तैयार किया जा सके। विभाग ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से न केवल श्रम बाजार बाधित हुआ है, बल्कि इसके चलते कई शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने वालों तथा नियोक्ताओं को सोचना पड़ रहा है कि वे अपने कर्मचारियों को कैसे प्रशिक्षित करें। इस अनुदान कार्यक्रम के तहत विभाग का रोजगार एवं प्रशिक्षण प्रशासन अधिक एकीकृत श्रमबल प्रणाली को प्रोत्साहन के लिए वित्तपोषण और संसाधनों को तर्कसंगत बनाएगा। इस अनुदान के लिए आवेदन करने वालों को नवोन्मेषी प्रशिक्षण रणनीतियों के जरिये कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना होगा। इनमें ऑनलाइन और अन्य प्रौद्योगिकी आधारित प्रशिक्षण शामिल है। स्थानीय सार्वजनिक-निजी-भागीदारी के तहत आवेदकों को अपने समुदायों के बीच कर्मचारियों को आवश्यक कौशल का प्रशिक्षण देना होगा, जिससे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एच-1 बी वाले पदों के लिए मध्यम से उच्च कौशल वाले कर्मचारी उपलब्ध होंगे।

## न्यूज. ब्रीफ

### इमरान पर भी लगते रहे हैं ड्रग्स सेवन के आरोप



कराची। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पूर्व क्रिकेटर इमरान खान पर भी कई बार ड्रग्स लेने के आरोप लगे हैं। उनके साथी क्रिकेटर्स ने ही उन पर ये आरोप लगाये थे। इन क्रिकेटरों का कहना था कि जब वो 80 के दशक में भारत के दौरे पर आये थे, तब इमरान पार्टियों में ड्रग्स का सेवन करते थे। उन्हें ऐसा करते हुए देखा भी गया। वहीं इमरान पर प्रधानमंत्री बनने से पहले और उसके बाद भी ड्रग्स सेवन के आरोप लगते रहे हैं हालांकि इमरान ने ऐसे सभी आरोपों का खंडन किया है। साल 1987 के भारत दौरे में इमरान पाक टीम के कप्तान थे। इसी टीम में एक क्रिकेटर कासिम उमर ने आरोप लगाया था कि इमरान को ड्रग्स का सेवन हुए उन्होंने देखा था। उन्होंने कहा जब इमरान भारत के दौरे पर गए थे तो वह पार्टियों में कई बड़े खिलाड़ियों के साथ ड्रग्स लेते थे। उमर के इस बयान पर पाकिस्तान में खूब हायतौबा मची थी। छोटी-मोटी जांच भी हुई फिर ये मामला दब गया था। तभी पाकिस्तान के एक और सीनियर क्रिकेटर यूनिस अहमद ने कहा, मैं तब हैरान रह गया, जबकि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान कोलकाता के एक मकान में ड्रग्स की एक पार्टी दी गई। इमरान ने इस पार्टी में अपने साथी क्रिकेटरों को भी न्यौता देते हुए कहा था, शाम को आओ, मस्ती रहेगी। यूनिस ने उस पार्टी के बारे में कहा, मैं और इमरान साथ में थे। तभी कुछ इमरान के परिचित लोग आए। उन्होंने इमरान को सिगरेट दी। मैं इसलिए चौंका, क्योंकि इमरान सिगरेट नहीं पीते थे पर वो सामान्य सिगरेट नहीं थी बल्कि उसमें ड्रग्स भरी हुई थी।

### आईपीएल में सबसे अधिक छक्का खाने वाले गेंदबाज बने पीयूष चावला



नई दिल्ली। स्पिनर पीयूष चावला के नाम आईपीएल में एक ऐसा रिकार्ड भी दर्ज है जिसे वह भुलाना चाहेंगे। पीयूष सबसे अधिक छक्का खाने वाले गेंदबाज बन गये हैं। उनपर आईपीएल के 13 साल के इतिहास में अब तक कुल 176 छक्के लगे हैं। राजस्थान के बल्लेबाज संजू सैमसन और स्टीव स्मिथ ने चावला की गेंदों पर दो ओवर में 47 रन बनाये थे। चावला ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 4 ओवर में 55 रन दिये थे। स्मिथ और सैमसन ने चार छक्कों के साथ चावला की लय खराब कर दी। चावला के पहले ओवर में दोनों बल्लेबाजों ने कुल 28 रन बनाये। आईपीएल के चौथे मैच में चावला पर कुल 6 छक्के लगे। चावला के अलावा शर्मनाक रिकॉर्ड में अमित मिश्रा, हरभजन सिंह और रविंद्र जडेजा का भी नाम शामिल है। आईपीएल में स्पिनर अमित मिश्रा की गेंदों पर कुल 170 छक्के लगे हैं। वहीं हरभजन पर 142 और जडेजा पर कुल 136 छक्के लगे।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग फिर शुरू होने से खुश हैं ललित

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग फिर शुरू होने पर खुशी व्यक्त की है। कोरोना महामारी के कारण अब तक यह लीग नहीं हो पायी थी। इसमें मंगलवार को बेल्जियम ने जर्मनी को 6-1 से हराया। ललित ने कहा, हम सभी एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैच शुरू होने से उत्साहित हैं हालांकि हम एक करीबी मुकाबले की उम्मीद कर रहे थे पर यह एकतरफा मुकाबला निकला। जर्मनी को बेल्जियम के आक्रमण के खिलाफ काफी संघर्ष करना पड़ा और सर्किल के अंदर बेल्जियम का आक्रमण काफी प्रभावशाली था। उन्होंने कहा, बेल्जियम के सभी छह गोल अलग-अलग खिलाड़ियों ने किए। इस मैच से काफी कुछ सीखा जा सकता है। जर्मनी के डिफेंस की कुछ गलतियों से भी सबक लिया जा सकता है। जिससे हम बेल्जियम के खिलापफ वैसी गलतियां न करें जो जर्मनी ने की थी। ललित ने कहा, हम लोग ट्रेनिंग जल्दी इसलिए शुरू कर सके क्योंकि हॉकी इंडिया ने अप्रैल में ही एसओपी तैयार कर ली थी। हमें राष्ट्रीय शिविर शुरू होने से पहले दिशानिर्देश के बारे में बताया गया था, इसलिए हमारी गतिविधियां आराम से शुरू हो सकीं।

### यूएई की गर्मी से परेशान हुए बोल्ट



दुबई। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेल रहे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट यहां की उमस और गर्मी से परेशान हैं। बोल्ट ने केकेआर की ओर से खेलते हुए चार ओवर में 30 रन देकर दो अहम विकेट लिए थे हालांकि बोल्ट के लिए यह इतना आसान नहीं था। वह इस दौरान गर्मी के कारण परेशान होते हुए देखे। इस गेंदबाज ने कहा, मैं इस गर्मी और हालातों का आदी नहीं हूं। इयान मॉर्गन और आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाजों के खिलाफ गेंदबाजी करना एक बड़ी चुनौती है पर जीत के अवसर पर आना अच्छा रहेगा। बोल्ट ने कहा, मैं गत कुछ महीनों से न्यूजीलैंड में गेंदबाजी कर रहा हूं। वहां सर्दी है, यह सबसे बड़ी चुनौती है पर हर कोई क्रिकेट के लिए उत्साहित है और मुझे भरोसा है कि आगे भी कुछ रोमांचक चीजें आएंगी। इस साल मेरे लिए नई टीम है। इसके अलावा अच्छे खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह है। बोल्ट भारी भरकम राशि के साथ मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हैं।

**आईपीएल 2020: दिल्ली कैपिटल्स- चेन्नई सुपर किंग्स में भिडंत आज दिल्ली की मुश्किलें बढ़ी**

# बल्लेबाजी में धोनी के स्थान पर विचार करेगी चेन्नई, अश्विन की चोट से दिल्ली परेशान

दुबई ■ एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2020) में अपने तीसरे मुकाबले से पहले बल्लेबाजी क्रम में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के स्थान पर विचार करना चाहेगी। शारजाह की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के लिए उनके स्पिनरों के खराब प्रदर्शन और निराशाजनक 20वें ओवर को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, लेकिन बल्लेबाज खुद को पूरी तरह से इससे दोषमुक्त नहीं कर सकते विशेषकर मुरली विजय, केदार जाधव और खुद कप्तान धोनी।

महेंद्र सिंह धोनी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने सैम कुरैन, केदार जाधव और रुतुराज गायकवाड़ को खुद से पहले बल्लेबाजी से भेजा, लेकिन यह रणनीति उनके लिए बुरी तरह से विफल रही, जिससे फैफ डुप्लसी पर कम समय में काफी ज्यादा रन बनाने का दवाब बढ़ गया। धोनी के प्रशंसक उनके छक्के जड़ने की काबिलियत के अब भी मुरीद हैं, लेकिन करीब से देखा जाये तो वह तेज गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से नहीं खेल पाए और जब मध्यम गति के गेंदबाज टॉम कुरैन गेंदबाजी करने उतरे तो ही धोनी आक्रामक हो सके। और वह भी मैच में तब हुआ जब मुकाबला ही खत्म हो चुका था।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरूआती मैच में जीत से उसके खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। हालांकि, रविचंद्रन अश्विन के कंधे की चोट के कारण अनुपस्थित होने की संभावना से उन्हें अपने गेंदबाजी लाइन अप में कुछ फेरबदल करना पड़ सकता है। अगर अश्विन नहीं खेल पाते हैं तो सीनियर स्पिनर अमित मिश्रा को अक्षर पटेल के जोड़ीदार के तौर पर उतारने का विकल्प हो सकता है। बड़ी बाउंड्री से कलाई के स्पिनरों को गेंद को और अधिक उछालकर आक्रमण करने में मदद मिल सकती है।

एक अन्य पहलू तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के प्रदर्शन का होगा। मोहित ने शुरू में लोकेश राहुल को आउट किया था, लेकिन अंत में उनकी लूज गेंदों से कैपिटल्स के लिए चीजें मुश्किल हो गई, हालांकि कागिसो रवाडा ने अंत में काफी कसी गेंदबाजी की। चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीम अंतिम 10 ओवरों में आक्रमण करना पंसद करती है तो कैपिटल्स हर्षल पटेल को आजमा सकते हैं जो किसी स्थान पर एक बल्लेबाज के तौर पर भी काम आ सकते हैं क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में पारी का आगाज कर चुके हैं।

एनरिच नोट्र्जे आईपीएल के अपने पहले मैच में इतने खराब नहीं रहे लेकिन बायें हाथ के डेनियल सैम्स कुछ मुश्किल कोण में गेंदबाजी कर सकते हैं जो बल्लेबाजों को नापसंद होता है। शिमरोन हेटमायर को एक और मौका मिलने की संभावना है, अगर रिकी पोंटिंग एलेक्स कैरी के रूप में कुछ स्थिरता लाने के बारे में नहीं सोचते हैं। दिल्ली की टीम में पृथ्वी शॉ, शिखर धवन, ऋषभ पंत, कप्तान श्रेयस अय्यर और पिछले मैच के नायक मार्कस स्टोयनिस जैसे बिग हिटर हैं जो पीयूष चावला और रविंद्र जडेजा को चुनौती देना चाहेंगे। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), मुरली विजय, अंबाती रायडू, फैफ डुप्लेसी, शेन वॉटसन, केदार जाधव, ड्वेन ब्रावो, रविंद्र जडेजा, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, पीयूष चावला, इमरान ताहिर, मिशेल सैंटनर, जोश हेजलवुड, शारदुल ठाकुर, सैम कुरैन, एन जगदीशन, के एम आसिफ, मोनू कुमार, आर साइ किशोर, रुतुराज गायकवाड़, कर्ण शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, शिखर धवन, पृथ्वी शॉ, शिमरोन हेटमायर, कगिसो रबाडा, अजिंक्य रहाणे, अमित मिश्रा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), इशांत शर्मा, अक्षर पटेल, संदीप लामिछाने, कीमो पॉल, डैनियल सैम्स, मोहित शर्मा, एनरिच नोर्टजे, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), आवेश खान, तुषार देशपांडे, हर्षल पटेल, मार्कस स्टोयनिस, ललित यादव।

### अब पीटरसन भी धोनी पर भड़के, कहा- उनकी ऐसी नॉनसेंस स्वीकार नहीं कर सकता



चार बात की आईपीएल विजेता और डिफेंडिंग चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत से आगाज करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने चेन्नई के गेंदबाजों की जमकर कुटाई की और 216 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। यह आईपीएल 2020 का अब तक का बेस्ट स्कोर है। टीम की तरफ से कप्तान स्टीव स्मिथ और संजू सैमसन ने जोरदार फिफ्टी जड़ी। इसके जवाब में चेन्नई की टीम फाफ डु प्लेसिस के शानदार 72 रनों के बावजूद 200 रन ही बना सकी। धोनी को लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम में आने पर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। कई क्रिकेटर ने मांग की है कि अब धोनी को खुद को बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट करना चाहिए। अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भी उनको आड़े हाथों लिया है। स्टार स्पोर्ट्स के लिए पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के बाद सुनील गावस्कर से बातचीत के दौरान पीटरसन ने कहा कि, आपको आगे आना ही होगा। कम से कम आपको अपने आप को जीतने के लिए एक मौका देना ही होगा। यही सनी (सुनील गावस्कर) कहने का प्रयास कर रहे हैं। जब आपने देखा कितना क्लोज आप ले जा सकते हैं उसके बाद डु प्लेसिस ने रन बनाने शुरू कर दि। महेंद्र सिंह धोनी ने आखिर में शॉट लगाने शुरू किए और उसके बाद उनकी टीम को 16 रनों से हार झेलनी पड़ी। पीटरसन ने कहा कि ये केवल प्रयोग करने की बात नहीं है। आप कहेंगे कि टूर्नामेंट की शुरूआत में ऐसा कहना जल्दबाजी होगा। पीटरसन ने आगे कहा कि मैं आपको एक बात बता दूं कि टी-20 क्रिकेट आपको काटने के लिए बड़ी तेजी से आता है। इस फॉर्मेट में आप एक के बाद एक पांच मैच लगातार हार भी सकते हैं। उसके बाद आप यह सोचने लगेंगे कि क्या हम सच में फाइनल तक पहुंच भी सकते हैं या नहीं। धोनी की इस नॉनसेंस को मैं कभी स्वीकार नहीं कर सकता। धोनी ने इस मैच में 17 गेंदों पर 29 रनों की पारी खेली जिसमें आखिरी ओवर में टॉम करन की तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के भी शामिल हैं। धोनी का एक शॉट तो इतना लंबा था कि वो सीधे स्टेडियम के बाहर रोड़ पर जाकर गिरा। धोनी की आलोचना इस वजह से भी हो रही है कि उन्होंने तब बल्ला चलाना शुरू किया जब टीम के हाथों मैच निकल चुका था। टीम का अगला मैच दिल्ली कैपिटल्स से है जो कि शुक्रवार को दुबई स्टेडियम में खेला जाना है।

## अंबाती हुए बाहर, सीएसके की परेशानी बढ़ी



25 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स के साथ भिड़ने जा रही चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं. टीम के स्टर बल्लेबाज अंबाती रायडू दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेलेंगे. सीएसके के मैनेजमेंट की तरफ से रायडू के मैच से बाहर होने की जानकारी दी गई है. पहले मैच के हीरो रायडू राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी नहीं खेल पाए थे और सीएसके को इस मुकाबले में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा.

सीएसके के सीईओ ने रायडू की चोट को ज्यादा गंभीर नहीं बताया है. उन्होंने कहा, रायडू हेमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं, पर उनका एक और मैच नहीं खेलना तय है. हां, इसके बाद रायडू पूरी तरह से खेलने के लिए तैयार होंगे. दिल्ली के खिलाफ मुकाबले के बाद चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को आराम का मौका भी मिलेगा. फिर सीएसके की टीम एक हफ्ते के बाद 2 अक्टूबर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी. रैना की गैरमौजूदगी में रायडू सीएसके के मीडिल ऑर्डर का अहम हिस्सा हैं. रायडू ने आईपीएल 13 के पहले मैच में 71 रन की पारी खेलते हुए बेहतरीन फॉर्म में होने के संकेत भी दिए थे. रायडू ने मैन ऑफ द मैच चुने जाने के बाद कहा था, हम लॉकडाउन में ट्रेनिंग कर रहे थे. मैं शानदार वापसी करना चाहता था और मैंने इसके लिए अपने आप को पूरी तरह से तैयार कर रखा था. बता दें कि पिछले साल अंबाती रायडू को इंग्लैंड में खेले गए वर्ल्ड कप में जगह नहीं मिली थी. रायडू ने इस बात से नाराज होकर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का एलान भी कर दिया था. हालांकि बाद में द्रविड़ की राय पर उन्होंने अपना फैसला बदल लिया।

### इशांत शर्मा पर भी संशय बरकरार

पहले मैच में नहीं खेलने वाले टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज ईशांत शर्मा अपनी चोट से अब तक उबर नहीं पाए हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो ईशांत शर्मा अगले दो मैचों से बाहर रह सकते हैं. 25 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स की टक्कर चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होगी. दिल्ली कैपिटल्स के एक मेंबर ने ईशांत शर्मा के अगले मैच में नहीं खेलने की जानकारी दी. उन्होंने कहा, ईशांत शर्मा की फिटनेस का साथ कोी रिस्क नहीं लिया जाएगा. ईशांत को फिट होने का पूरा मौका दिया जा रहा है और उनका अगले एक या दो मैच नहीं खेलना पूरी तरह से तय है. हालांकि दिल्ली कैपिटल्स ने ईशांत शर्मा की चोट को ज्यादा गंभीर नहीं बताया है. टीम की ओर से बताया गया है कि फिजियो ईशांत शर्मा के साथ काम कर रहे हैं और जल्द ही उनके बारे में और जानकारी मुहैया करवाई जाएगी.शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स दुबई में पिछले साल की रनरअप चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैदान में होगी. 29 सितंबर को दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना तीसरा मैच खेलेगी. इन दोनों मैचों से ईशांत शर्मा का बाहर रहना लगभग तय है.



#### पहले मैच में नहीं खली कमी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम को पहले मैच में ईशांत शर्मा की कमी ज्यादा नहीं खली. दिल्ली कैपिटल्स ने रबाडा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर में मात दी. लेकिन दिल्ली कैपिटल्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच का यह मैच खराब अंपायरिंग को लेकर चर्चा में है. अंपायर ने 19वें ओवर में किंग्स इलेवन का शॉर्ट रन से नाम पर एक रन कम कर दिया था, लेकिन रिप्ले में पता चल रहा था कि यह शॉर्ट रन नहीं था।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डीन जोन्स का हुआ निधन

मेलबर्न ■ एजेंसी

क्रिकेट जगत के लिए एक बुरी खबर सामने आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और कॉमेंटेटर डीन जोन्स का निधन हो गया है। डीन जोन्स 59 साल के थे और आईपीएल में कॉमेंटरी भी कर चुके हैं। बताया जा रहा है उनका मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। जोन्स की मौत की खबर सामने आने पर कई खिलाड़ियों ने दुख जाहिर किया है। डीन जोन्स के अचानक हुई मौत से क्रिकेट जगत में काफी शोक में हैं। क्रिकेट के कई खिलाड़ियों ने इस ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के जाने पर श्रद्धांजली वयक्त की है। जोन्स की मौत पर भारतीय खिलाड़ियों ने भी शोक जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर उनको श्रद्धांजली दे रहे हैं।



#### करियर रिकॉर्ड

जोन्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टैस्ट और 164 वनडे मैच खेलें हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 3631 और 6068 रन बनाएं हैं। जोन्स के नाम टैस्ट में 11 शतक हैं जबकि वनडे में उनके नाम 7 शतक शामिल हैं।

## अक्टूबर में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम

हरारे। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम अगले माह अक्टूबर में सीमित ओवरों की सीरीज खेलने के लिए पाकिस्तान दौरे पर जाएगी। जिम्बाब्वे सरकार ने टीम को इस दौरे के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। कोरोना वायरस महामारी के चलते जिम्बाब्वे टीम को सरकार के खेल और मनोरजंन आयोग (स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन कमिशन) से यह अनुमति लेनी पड़ी। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा है कि उसे इस सप्ताह मंजूरी मिल गई है। जिम्बाब्वे और पाकिस्तान को अक्टूबर के अंत और नवंबर में तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन ट्वेंटी20 मैचों की श्रृंखलायें खेलनी हैं। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि तीनों एकदिवसीय मुकाबले मुल्तान में एक ही स्टेडियम में जबकि तीन टी20 मैच रावलपिंडी में एक ही स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सभी मैच खाली स्टेडियम में होंगे। इन स्थलों को इसलिए चुना गया है क्योंकि इस महीने के अंत में पाक घरेलू ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी कर रहा है जिससे पाकिस्तान में क्रिकेट बहाल होगा और अधिकारियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का अच्छा अनुभव हो जायेगा। पाक क्रिकेट बोर्ड के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक जाकिर खान ने कहा, जब तक जिम्बाब्वे की टीम आयेगी, हमें जैव सुरक्षित होटलों, खिलाड़ियों को ले जाने और लाने, स्थलों और खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम का काफी अनुभव हो जाएगा। इस सीरीज को जैविक रुप से सुरक्षित माहौल में खेला जाएगा जिससे किसी संक्रमण का खतरा न रहे।



सेंडी में एमएलएस फुटबॉल मुकाबले में खेलते हुए लॉस एंजिल्स और रियल साल्ट लेक के डिफेंडर ।

**योजना** सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड ने बनाई क्षमता में विस्तार की योजना

# कम्पनी के लिए नया ऑर्डर साबित हो सकता गेम चेंजर

चंडीगढ़ ■ एजेंसी

कैमिकल्स तथा डाइज की मेन्युफेक्चरिंग, व्यापार तथा वितरण करने वाली, बीएसई में सूचीबद्ध सीएचडी कैमिकल्स लिमिटेड, (बीएसई कोड 539800) ने एक नई योजना साझा की है। इस योजना के अनुसार कम्पनी एक बड़े विस्तार की ओर कदम बढ़ा रही है, जिसमें प्लांट की क्षमता को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा। यह निर्णय हाल ही में भारतीय कम्पनियों की क्षमता के चौगुना होने के चलन को लेकर सामने आए डाटा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि इस चलन की गति के साथ बाजार में आगे बढ़ा जा सके।

सीएचडी कैमिकल्स, टैक्सटाइल उद्योग के साथ ही चमड़ा उद्योग और पेपर उद्योग के लिए कैमिकल्स और डाइज बनाती है। इसके अतिरिक्त यह कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स भी बनाती है। यह कम्पनी विभिन्न उत्पादों की श्रृंखला की पेशकश करती है, जिसमें शामिल हैं- ऑक्जीलरीजः डाइंग, इजी केयर फिनिशिंग, फिनिशिंग, फ्लेम रिटारडेन्ट, ऑक्जीलरीजः ऑप्टिकल ब्राइटनर, एसिड डाय, डायरेक्ट डाय, डिजिटल प्रिंटिंग के लिए स्याही, वेट डाय, एन्टीफोमिंग डिटरजेंट तथा बेसिक कैमिकल्स शामिल हैं। कम्पनी ने हाल ही में यह घोषणा की ही कि इसे 56 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट ऑर्डर प्राप्त हुआ है। कम्पनी साउथ ईस्ट एशिया में अपने व्यवसाय का विस्तार कर रही है और इसके लिए कम्पनी ने इस क्षेत्र के अग्रणी ग्रुप के साथ हाथ मिलाए हैं। यह नया ऑर्डर कम्पनी के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकता है। यह बड़ा ऑर्डर कम्पनी को ग्लोबल मार्केट में अपने पांव जमाने में और टर्नओवर के साथ ही लाभप्रदता बढ़ाने के भी मदद करेगा। कम्पनी ने हाल ही में 30 जून 2020 को समाप्त हुई वित्तीय तिमाही के शानदार अनऑडिटेड परिणामों की भी घोषणा की है, जिसके अनुसार कम्पनी का टर्नओवर 4.74 करोड़ रुपये तथा लाभ 12.84 लाख (19-20 की पहली तिमाही में) से बढ़कर 22.96 लाख रुपये (20-21 की पहली तिमाही में) हो गया है। यह बढ़ोत्तरी 80 प्रतिशत की है। ईपीएस 0.12 लाख रुपये (19-20 की पहली तिमाही में) से बढ़कर



0.23 लाख रुपये (20-21 की पहली तिमाही में) यानी दुगुना हो गया है। वर्तमान में कम्पनी के अपने अत्याधुनिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर्स हैं जो कि अल्ट्रा मॉर्डन उपकरणों से सुसज्जित हैं। इसके जरिये कंपनी फार्मास्युटिकल्स एपीआईज, कैमिकल्स आदि जैसे क्षेत्रों में आर एंड डी (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) अभियानों पर अपना ध्यान केंद्रित रखती है। इससे कंपनी की आर एंड डी क्षमता दुगुनी हो जाएगी और नये तथा बेहतरीन व किफायती उत्पादों के विकास, प्रोसेस कैमिस्ट्रीज, उत्पादों की गुणवत्ता के सुधार, डाउनस्ट्रीम उत्पादों के लिए आगे एकीकरण करने, आदि जैसी चीजों पर फोकस किया जा सकेगा। बाजार के विश्लेषकों की मानें तो इस विस्तार के कारण, कम्पनी के टर्नओवर तथा लाभप्रदता के दीर्घकालिक रूप में बढ़ने की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय डाय स्टफ उद्योग देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भारत के कोर कैमिकल उद्योगों में से एक है। साथ ही यह कैमिकल इंडस्ट्री का दूसरा सबसे ऊंचा एक्सपोर्ट सेगमेंट है। भारत में महाराष्ट्र व गुजरात डायस्टफ (डाय सम्बन्धी उत्पाद) उत्पादन में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी करते हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में कच्चा माल भी बहुतायत में उपलब्ध है और यहां टैक्सटाइल उद्योग की भी जबरदस्त पैठ है। भारत में इस डाय (रंग/स्याही) के बड़े उपभोगकताओं में टैक्सटाइल, पेपर, प्लास्टिक, प्रिंटिंग इंक तथा फूडस्टफ इंडस्ट्री शामिल हैं। टैक्सटाइल सेक्टर कुल उत्पादन के करीब 80 प्रतिशत का उपयोग कर लेता है क्योंकि इस सेक्टर से विश्वभर में पॉलिस्टर तथा कॉटन की बहुत अधिक मांग है।

### भविष्य में कई संभावनाएं

भारतीय उद्योग की प्रोडक्शन वॉल्यूम में कंपाउंड एन्युअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) काफी मजबूत है (7.6 प्रतिशत की दर से) और यह वैश्विक दर (3.8 प्रतिशत की दर) से लगभग दुगुनी है। लेकिन चीन (एकमात्र देश जिसकी वृद्धि इस संदर्भ में डबल डिजिट यानी 11.8 प्रतिशत की दर से है) तथा मिडिल ईस्ट (8.5 प्रतिशत की दर) से इस मामले में हमारा देश पीछे है। यह आंकड़े 2000-2017 के हैं। तुलनात्मक रूप से यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका के विकसित देशों में यह दर कुल (सकल) स्तर पर फ्लैट बनी हुई है। इस प्रक्रिया में भारतीय क्षमता इस अवधि में 11 एमटी से 39एमटी यानी लगभग चौगुनी हुई है और हालिया सर्वे के अनुसार इसके आगे तेज गति से और भी वृद्धि करने की संभावना है। जिससे सीएचडी स्तर को पर्याप्त लाभ मिल सकेगा। भारत, चीन और मिडिल ईस्ट वे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं जिन्होंने इस अवधि में ग्लोबल क्षमता को दुगुना करने में मदद की है।

# घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली ■ एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आई नरमी के बीच ही घरेलू बाजार में सोने की कीमतें घटीं हैं। इससे पहले बुधवार को भी सोने में गिरावट आई थी और कल 49,508 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। सोना गुरुवार को सुबह करीब 108 अंकों की गिरावट के साथ 49,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला। वहीं इसके बाद भी सोने की गिरावट लगातार बढ़ती ही चली गई। शुरूआती कारोबार में सोना 49,417 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा इसके बाद 49,255 रुपये के न्यूतनतम स्तर तक भी चला गया। वहीं हाजिर मांग कमजोर पड़ने के साथ सटोरियों के सौदे कम करने से वायदा बाजार में सोना बुधवार को 1.36 फीसदी टूटकर 49,698 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने की डिलिवरी के लिये सोना 683 रुपये यानी 1.36 प्रफीसदी की गिरावट के साथ 49,698 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 8,176 लॉट के लिये कारोबार हुआ। वहीं, अमेरिकी बाजार में सोने का भाव 1.48 फीसदी गिरकर 1,879.30 डॉलर प्रति औंस रहा। दिल्ली सरार्फा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 614 रुपये घटकर 50,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। विदेशी बाजारों में जारी




# अगले तीन साल में प्रदेश के हर घर में नल से शुद्ध पानी पहुंचायेंगे : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## बमोरी में लगभग 640 करोड़ लागत के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन, विकास पर्व सह अंत्योदय मेला भी लगा







**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संकटकाल के बाबजूद प्रदेश में जनकल्याण एवं विकास कार्य रूकेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आने वाले 3 वर्षो में प्रदेश में हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचाया जाएगा और हर गरीब का अपना पक्का मकान होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुना जिले के बमौरी में आयोजित विकास पर्व सह अंत्योदय मेले में मौजूद विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। बमौरी में आयोजित विकास पर्व सह अंत्योदय मेले में लगभग 640 करोड़ के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। श्री चौहान ने कोरोना वायरस से संक्रमित पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी इस अवसर पर की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए धन की कमी नहीं आने देंगी। उन्होंने कहा कि आज 101 करोड़ रूपये की राशि प्रतिभावान छात्रों के खातों में लेपटॉप के लिए अंतरित की गयी है। साथ ही 5 लाख 77 हजार किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की प्रथम किस्त की 2 - 2 हजार रूपये राशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 77 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना फिर से शुरू की जायेगी। उन्होंने खैरूआ जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की बात भी कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जिन किसानों की सोयाबीन की फसल अतिवृष्टि से खराब हुई है उसका सर्वेक्षण कर राहत राशि दिलाई जायेगी। उन्होंने कहा राजस्व अधिकारियों को ईमानदारी के साथ फसल सर्वे करने के निर्देश दिए गए है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा गुना जिले के विकास पर केन्द्रित विकास के नए आयाम पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश की सरकार हर असंभव कार्य को संभव कार्य में बदलने वाली सरकार है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जन-कल्याण के लिए शिव-ज्योति एक्सप्रेस के जरिए विकास कार्यो को गति दी जा रही है। कोरोना वायरस से संक्रमित प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने भोपाल के चिरायु अस्पताल से वर्चुअल तरीके से इस कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बमौरी क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में श्री गजेन्द्र सिंह सिकरवार ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में श्री महेन्द्र सिंह किरार ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर गुना विधायक श्री गोपीलाल जाटव, पूर्व विधायक श्रीमती ममता मीणा एवं श्री पन्नलाल शाक्य, श्री गजेन्द्र सिंह सिकरवार, कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम व पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# जूली कहती हैं संबल ने हमारे परिवार को थाम लिया

**ग्वालियर।** जूली का हँसता-खेलता परिवार था । पति की मेहनत-मजदूरी से घर का खर्चा आराम से चल जाता । दो प्यारी-प्यारी बेटियों के साथ दिन कब गुजर जाता, जूली को पता ही नहीं चलता । इसी बीच जूली पर विपत्ति का ऐसा पहाड़ टूटा कि उसे लगा कि मानो सब कुछ खत्म हो गया है । जूली के पति अनिल सिंह राणा एक दुर्घटना में नहीं रहे । कहीं से कोई सहारा नहीं दिख रहा था, ऐसे कठिन हालात में मध्यप्रदेश सरकार की संबल योजना ने जूली के टूटते परिवार को थाम लिया। ग्वालियर जिले के ग्राम सोनी निवासी श्रीमती जूली के पति स्व. अनिल सिंह राणा ठेकेदार के जरिए बिजली लाईन डालने के काम में मजदूरी करते थे। लगभग 6 माह पूर्व बिजली का खम्बा गाढ़ने में मदद कर रहे थे। उसी बीच लोहे का क्लेम्प उनके ऊपर गिर गया और वहीं उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई। इस घोर विपत्ति से जूली की आँखों के सामने अंधेरा छा गया । उसे खुद से ज्यादा अपनी दो बेटियों की चिंता सता रही थी। जब कहीं से आसरा नहीं दिख रहा था तब मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने उनके परिवार को बड़ा सहारा दिया । संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि प्राप्त करने के लिये जूली ने ग्राम पंचायत सचिव के सहयोग से आवेदन भर दिया। जल्द ही उनके लिये सहायता मंजूर हो गई। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने जब 4 लाख रूपए की सहायता का स्वीकृति पत्र सौंपा तो जूली की आँखें भर आई। जूली बताती हैं कि हमारी 6 साल की बिटिया अनीसा



स्कूल पढ़ने जाती है। सरकार ने उसे लाड़ली लक्ष्मी भी बनाया है। दूसरी बिटिया पलक का नाम भी लाड़ली लक्ष्मी के लिये आंगनबाड़ी में लिख गया है। वे कहती हैं सरकार ने हमें संबल योजना से जो मदद दी है, उससे हम अपनी दोनों बेटियों को खूब पढ़ायेंगे-लिखायेंगे । जूली बताती हैं कि प्रदेश सरकार ने हमें हाल ही में खाद्यान्न पर्ची भी दी है, जिससे अब हमें एक रूपए किलो की दर से उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान्न भी मिलेगा। कल्याणी योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने के लिये भी हमारा नाम रजिस्टर में लिख गया है। सरकार से मिली इन सहायताओं को गिनाते-गिनाते जूली भावुक हो उठीं और कहने लगीं कि प्रदेश सरकार के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान सच में हम सभी बहनों के मामा हैं। दुःख की घड़ी में वे हमारे साथ खड़े रहते हैं।

# विधानसभा उप निर्वाचन के मद्देनजर विभिन्न समितियाँ गठित

**ग्वालियर।** जिले में प्रस्तावित विधानसभा उप निर्वाचन से संबंधित कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से अंजाम देने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अलग-अलग समितियाँ गठित की हैं। इस क्रम में पुलिस उड़न दस्ता (एफएसटी) एवं स्थेतिक दल (एसएसटी) द्वारा जब्त की जाने वाली सामग्री एवं नगद राशि के निराकरण के लिये अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अपील समिति गठित की है। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य की अध्यक्षता में ही एक अन्य समिति गठित की गई है। यह समिति अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले व्यय लेखाओं की जांच करने के लिये विभिन्न मदों व सामग्री की दर निर्धारित करेगी। जिला स्तरीय अपील समिति में अनुविभागीय अधिकारी झाँसी रोड़ श्री अनिल बनवारिया एवं संभागीय संयुक्त संचालक पेंशन सह नोडल अधिकारी व्यय लेखा को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। सामग्री की दर निर्धारित करने के लिये बनाई गई समिति में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण श्री ओमहरि शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एमपीएस चौहान, उप नियंत्रक शासकीय मुद्रणालय श्रीनिवासा डीसी एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री सी एस जादौन को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में बने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अटल बिहारी वाजपेयी कनवेंशन सेंटर का हुआ लोकार्पण

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के मल्टी आर्ट सेंटर यानि कि अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस कनवेंशन सेंटर के



लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि वर्चुअल रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअल रूप से की। यहाँ जीवाजी विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर के लोकार्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर बतौर अति विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। लोकार्पण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी बतौर विशेष अतिथि वर्चुअल रूप से सहभागिता की। लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षामंत्री श्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो. आनंद मिश्रा द्वारा किया गया।

**विश्वविद्यालय में कनवेंशन सेंटर का निर्माण गौरव की बात - राज्यपाल श्रीमती पटेल-**

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि भारत रत्न पूर्व पीएम स्व अटल बिहारी वाजपेयी और संगीत सम्राट तानसेन एवं गुरू मोहम्मद गौस की धरती पर बने इस सेंटर के लोकार्पण में शामिल होने पर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ । यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कॉम्प्लेक्स की दीवारों एवं खंबो पर छात्रों द्वारा ग्रामीण संस्कृति, महिला सशक्तिकरण व शिक्षा पर आधारित पेंटिंग्स बनाई गई हैं।

**जीवाजी यूनिवर्सिटी को देश की टॉप यूनिवर्सिटी में शामिल करने के प्रयास हों - मुख्यमंत्री श्री चौहान**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा खुशी की बात है कि इस कनवेंशन सेंटर का नाम स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर रखा गया है। मिल-जुलकर ऐसे प्रयास करें जिससे जीवाजी विश्वविद्यालय का नाम देश के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में शामिल हो। उन्होंने जीवाजी विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर निर्माण के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन सहित सभी ग्वालियरवासियों को बधाई दी।

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कनवेंशन सेंटर का निर्माण ग्वालियर के लिए बड़ी उपलब्धि - केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जीवाजी विश्वविद्यालय में बना यह विशाल कन्वेंशन सेंटर प्रदेश के विश्वविद्यालयों का पहला बड़ा सभागार है। यह विशाल और सुसज्जति सभागार विश्वविद्यालय के साथ- साथ ग्वालियर के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा इस कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए जीवाजी विवि की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला और सभी कार्यपरिषद सदस्य बधाई के पात्र हैं।

**कनवेंशन सेंटर से जीवाजी यूनिवर्सिटी का नाम विश्व पटल पर जायेगा - सांसद श्री सिंधिया**

राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर बना यह इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के कारण जीवाजी विश्वविद्यालय का नाम विश्व पटल पर आएगा। इसके लिए मैं कुलपति प्रो.संगीता शुक्ला और उनकी टीम को बधाई देता हूं।

# डॉ. भगवत सहाय महाविद्यालय में 399.15 लाख की लागत से बनेगा नवीन विज्ञान भवनः तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में नवीन विज्ञान भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए कहा कि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य के लिए और शिक्षा में गुणवत्ता के लिए नवीन विज्ञान भवन का शिलान्यास किया जा रहा है जहां आपका नौनिहाल विज्ञान की नई नई तकनीक सीख सकेगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ग्वालियर द्वारा 3 करोड़ 99 लाख 15 हजार रूपए की लागत से नवीन विज्ञान भवन बनाया जायेगा जिसमें नवीन भवन, कम्प्यूटर, लेब आदि की सुविधा छात्रों के लिए रहेगी। जिससे वह तकनीकी क्षेत्र में आगे बड सकेगें। डॉ. भगवत सहाय महाविद्यालय में नवीन विज्ञान भवन बनने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है। ट्रीपल आईटीएम से फूलबाग तक एलीवेटेड रोड, चार शहर का नाका से सागरताल तक डिवाइडर, हजीरा से चार शहर का नाका तक सीमेंड कंक्रीट रोड, ट्रीपल आइटीएम के सामने खेल स्टेडियम साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा, भगवत सहाय कॉलेज का नया भवन बनने जा रहा है। शिलान्यास के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, गृह निर्माण समिति के सचिव, कॉलेज के छात्र-छात्रायें एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक बडी संख्या मे उपस्थित रहे।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
वलासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
निःशुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

# मल्लगढ़ा से शताब्दीपुरम जाने वाले ओवर ब्रिज का केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने किया लोकार्पण

## लगभग 15 करोड़ 10 लाख की लागत से हुआ है आरओबी का निर्माण

**ग्वालियर।** बहुप्रतीक्षित मलगढ़ा रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) आज जनता को समर्पित किया गया। केन्द्रीय कृषि, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को इस रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। लगभग 737 मीटर लंबे इस आरओबी का निर्माण 15 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से किया गया है। इस आरओबी का निर्माण मल्लगढ़ा से शताब्दीपुरम की ओर किया गया है। आरओबी के लोकार्पण अवसर पर प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह और सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर भी बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहे। ग्वालियर सांसद रहते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्वालियर में पांच रेलवे ओवरब्रिज



स्वीकृत कराए थे। इनमें से दो शुरू हो गए। लोकार्पण के अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा मल्लगढ़ा से शताब्दीपुरम पहुंचने का रास्ता आसान हो गया है। उन्होंने कहा इस पुल के शुरू हो जाने से विकास के नए द्वार खुलेंगे। इस ओवरब्रिज से शताब्दीपुरम, दीनदयालनगर, कुंजविहार, आदित्यपुरम सहित भिण्ड रोड़ के समीप स्थित विभिन्न बस्तियों के निवासियों को आने-जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी।

P TV NEWS INDIA
प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560
Email - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम / पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478